तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 13 फरवरी 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

11 पीठासीन अधिकारी पर फर्जी दस्तखत के आरोप, मतदाता सूची को लेकर मचा बवाल



11 रामायण व जस झांकी प्रतियोगिता हमारी संस्कृति व परंपरा को बढ़ावा देने एक महत्वपूर्ण मंचः ललित



# विवाद पर मां ने मारा थप्पड़ तो 17 वर्षीय बेटी रात को घर से निकली, सुबह फांसी पर झूलती मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



मां-बेटी के बीच उपजे छोटे से विवाद से नाराज होकर बेटी ने फांसी लगाकार खुदकुशी कर ली। हुडको के करीब रेलवे ट्रैक पर बेटी की लाश फांसी पर झूलती पाई गई। मृतका का नाम सुशीला पटनायक (17 वर्ष) बताया गया है। वह उड़िया बस्ती रायपुर नाका दुर्ग की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि मृतका सुशीला का अपनी मां के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद मृतका रात करीब 10 बजे घर से बाहर निकल गई थी। इसके बाद से परिजन उसे ढूंढ रहे थे, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। सुबह उसकी लाश हुडको के पास दुर्ग-बालोद रेलवे ट्रैक के किनारे फांसी पर झूलती पाई गई। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। इसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को फॉरेंसिक की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान मौके से कई साक्ष्य कलेक्ट किए गए गए हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खास बातें**

- भिलाई नगर थाना अंतर्गत हुडको के पास की घटना, मृतका उड़िया बस्ती रायपुर नाका की रहने वाली
- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस फॉरेंसिक टीम जुटी जांच में
- घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

### पटरी किनारे झाड़ियों के झुरमुट के बीच थी लाश, किसी ने पुलिस को दी इसकी जानकारी

पुलिस ने बताया कि मृतका की लाश हुडको स्थित पटरी किनारे झाड़ियों के बीच थी। किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर मृतका की पहचान हो चुकी। पुलिस ने बताया कि घर में मां के साथ मामूली विवाद के बाद बेटी को थप्पड़ जड़ दिया था। इसके बाद बेटी ने रेलवे पटरी किनारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। पूछताछ करने पर मृतका के बारे में पता चल सका। खबर सुनकर सुशीला के माता-पिता मौके पर पहुंचे। बेटी की लाश को देख रोते बिलखते रहे। परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बेटी ने थप्पड़ की वजह से आत्महत्या नहीं की है। उसकी हत्या की गई है।

### साफ-सफाई का काम करती थी पूरी रात खोजते रहे परिजन

परिजनों ने बताया कि मृतका साफ-सफाई का काम करती थी। घर में विवाद के बाद वह कहीं चली गई। इसके बाद पूरी रात उसकी खोजबीन की गई, लेकिन वह नहीं मिली। सुशीला जिस घर में काम करती थी, परिजनों ने वहां भी पहुंचकर जानकारी ली, लेकिन रात को कोई खबर नहीं मिली। सुबह होते ही पुलिस ने परिजनों को लाश मिलने की सूचना पर वे घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती, उसकी हत्या हुई है। बहरहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के आने के बाद कारणों का खुलासा होगा।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य पुलिस जुटी जांच में

फॉरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची। परिजनों ने हत्या की आशंका भी जताई। इसके लिए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। भिलाई नगर पुलिस और फॉरेंसिंक की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद शव को नीचे उतारा गया और पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेजा गया। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलने का आश्वासन पुलिस ने दिया है। बहरहाल पुलिस मृतका के जाने पहचान वाले लोगों को पूछताछ कर रही है। घर के सारे सदस्यों का भी बयान लिया गया है।

### आत्महत्या के मामले में छत्तीसगढ़ टॉप पर

कैग रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़, झारखंड, एमपी ओडिशा, तेलंगाना में सबसे अधिक आत्महत्या की दर सीजी में 26.4 फीसदी है।जबकि झारखंड में 4.4 फीसदी, मध्य प्रदेश 15.1 फीसदी ओडिशा 10.5 फीसदी, तेलंगाना 20.6 फीसदी दर है। इसमें राष्ट्रीय दर पर 10.4 फीसदी आत्महत्या हो रही। इस तरह इस्पात नगर में आत्महत्या मामले लगातार बढ़ रहें है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है।

### धैर्य की कमी ही बन रही है अत्महत्या की वजह



बच्चों में आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण है धैर्य की कमी। सोशल मीडिया का प्रभाव, कामकाजी माता-पिता होने की वजह से बच्चों को देने वाला समय कम हो गया है। माता-पिता के धैर्य में भी कमी आई है। आज के समय में माता-पिता बच्चा कोई गलती करता है तो उसे समझाना छोड़कर उसके साथ हाथापाई करते हैं। उनकी तुलना दूसरे बच्चों से करने लगते हैं। बच्चों के अंदर आत्मविश्वास कम होता चला जाता है। वह अपने आप को हीन भावना से देखने लगते हैं। - **डॉ. प्रशांत अग्रवाल,** एमडी मनोरोगी

## खबर संक्षेप

### रोड अंडर ब्रिज कार्य के कारण ब्लॉक, ट्रेन रद्द रहेगी



**भिलाई।** अंडर ब्रिज निर्माण कार्य होने के कारण ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। रेलवे ने बताया कि दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के फाटक 5 में रोड अंडर ब्रिज कार्य के कारण ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। ट्रेन 78824 दुर्ग - दल्लीराजहरा 16और 23 फरवरी, 2, 9, 13 फरवरी 2025 को रद्द रहेगी। ट्रेन 78818 अंतागढ़- दुर्ग 16, 23 फरवरी, 2,9, 13 फरवरी को दल्लीराजहरा में समाप्त कर दी जाएगी। यह ट्रेन दल्लीराजहरा - दुर्ग के मध्य रद्द रहेगी।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवकों की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने चालको के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि अहिवारा निवासी एम सोमेश अपनी बाइक सीजी 7 बीएम7535 से अपने घर जा रहा था। इस दौरान नंदिनी एरोड्रम के पास तेज रफ्तार से आ रही कार सीजी 07 एई 2252 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में सोमेश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। जहां रुआबांधा पंथी चौक के पास से सुरेश नामक युवक अपनी बाइक से आटा लेकर अपने घर बोरसी जा रहा था। अन्य बाइक सवार ने सुरेश को चपेट में लिया। हादसे में सुरेश की मौत हो गई।

### 26 किमी के सर्विसलेन का आखिरी बार मेंटेनेंस कब हुआ, यह तक पता नहीं

# फोरलेन में गड्ढे तो भर दिए, सर्विसलेन में एक गिट्टी तक नहीं, जिम्मेदार भी हैं मौन?

आलोक तिवारी ⏭भिलाई

अगर रायपुर से भिलाई आ रहे या भिलाई से रायपुर जा रहे हैं तो संभलकर जाइए। फोरलेन में डामरीकरण काम जारी है। गड्ढे भरे जा रहे हैं। लेकिन एनएच पीडब्ल्यूडी को सर्विसलेन के गड्ढे नजर नहीं आए। क्योंकि गड्ढे सिर्फ फोरलेन में नहीं थे, सर्विसलेन में भी बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिनका निदान करना बहुत जरूरी है। इन गड्ढों की वजह से रोज हादसे हो रहे हैं। रोड के नाम पर सिर्फ डामर की बजरी नजर आती है। बावजूद पीडब्ल्यूडी एनएच ने काम में भेदभाव किया है। सूत्रों ने बताया है कि सिर्फ फोरलेन पर ही 50 करोड़ रुपए खर्च किया जा रहा है। सर्विसलेन के गड्ढों को भरने के लिए 50 रुपए का भी फंड नहीं है। जो दुर्भाग्य का विषय है।

**खास बातें**

- अभी 50 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन का किया जा रहा डामरीकरण
- सर्विसलेन के डामरीकरण की डिमांड भी उठी, लेकिन जिम्मेदारों के पास फुर्सत और फंड नहीं
- रोज हो रहे हादसे, जिस पर किसी का ध्यान नहीं



### क्यों जरूरी है सर्विसलेन के गड्ढों को भरना

**रोज हादसे :** दुर्ग जिले के 23 थाना क्षेत्रों में बीते 11 महीनों में ही 260 लोगों की जान हादसे में जा चुकी है। हाइवे किनारे से लगे थानों में यही आंकड़ा 80 से ज्यादा का है। अधिकांश हादसे फोरलेन व सर्विसलेन पर हुए हैं। क्योंकि, सर्विसलेन में गड्ढे हैं, जिनका निवारण करना जरूरी है।

**बैलेंस ही बिगड़ गया :** सर्विसलेन का फोरलेन से बैलेंस बिगड़ गया है। समतल होना चाहिए था। कुम्हारी, भिलाई-3 व खुर्सीपार में सर्विसलेन की सूरत और सिरत दोनों बदलने की आवश्यकता है।

**सिर्फ फोरलेन का मेंटेनेंस क्यों :** ये सबसे बड़ा सवाल है कि सर्विसलेन को छोड़कर आखिर फोरलेन का ही मेंटेनेंस क्यों किया जा रहा है? जिम्मेदारों से पूछने की कोशिश की तो उनके पास जवाब ही नहीं है।

**कुम्हारी टोल से वसूली मगर गड्ढेः** ये भी बड़ी अजीब बात है कि कुम्हारी टोल नाके में रोजाना 8 से 12 लाख रुपए की वसूली टोल टैक्स के रूप में हो रही है। मगर मेंटेनेंस सर्विसलेन का नहीं किया जा रहा है। सिर्फ फोरलेन पर 50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### सविस लेन में हर कदम पर जानलेवा बड़े-बड़े गड्ढे








### रायपुर से भिलाई तक एनएच का हिसाब-किताब

- 26 किमी है रायपुर टाटीबंध चौक से भिलाई नेहरू नगर तक फोरलेन-सर्विसलेन की दूरी।
- 50 करोड़ की लागत से फोरलेन का डामरीकरण किया जा रहा है।
- 2025 अप्रैल तक फोरलेन का डामरीकरण पूर्ण करना होगा।
- 10 से 12 लाख रुपए प्रतिदिन टोल टैक्स के रूप में कुम्हारी टोल नाके से वसूली होती है।
- 9 से 11 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है सर्विसलेन की डामरीकरण पर। जिसका प्रस्ताव तक नहीं बना है।



### हादसे और मौत के आंकड़ों पर नजर

| थाना | हादसे | मौत |
|---|---|---|
| सुपेला थाना | 139 | 13 |
| पुरानी भिलाई | 67 | 16 |
| कुम्हारी | 47 | 28 |
| छावनी | 32 | 07 |
| खुर्सीपार | 24 | 10 |

**मेंटेनेंस कराया जा रहा है**



फोरलेन में जगह-जगह गड्ढे थे, जिसका मेंटेनेंस कराया जा रहा है। इस काम में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। मैं खुद इसकी मॉनीटरिंग करता हूं रायपुर जाते वक्त। सर्विसलेन का मुद्दा भी गंभीर है। मैंने खुद गड्ढे देखे हैं सर्विसलेन पर। उसका भी मेंटेनेंस कराया जाएगा। मैं पत्र लिख रहा हूं इस संबंध में। भरोसा और उम्मीद दोनों रखिएगा। सर्विसलेन का मेंटेनेंस जरूर कराया जाएगा। - **रिकेश सेन,** विधायक, वैशालीनगर विधानसभा

# दो साल के मासूम को वैन ने कुचला, मौत

### बहनों को विद्यालय ले जाने आई थी वेन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

स्कूल की वैन ने दो साल की मासूम को कूचलने का मामला प्रकाश में आया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह 7-8 बजे कंट्रेक्टर कालोनी वार्ड 17 सुपेला निवासी विभा जायसवाल के बच्चे संजोना

- वार्ड 17 कंट्रेक्टर कालोनी में हुआ हादसा, चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

जायसवाल 6 वर्ष, संगीता जायसवाल 4 वर्ष राम नगर स्थित कृष्णा विद्यालय में पढ़ाई करते है। सुबह स्कूल की वैन सीजी-07 सीटी-6611 घर के पास बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए पहुंची थी। इस दौरान संजोना, संगीता वेन में बैठ गए। इधर 2 वर्ष की अंशिका दौड़ते हुए अचानक पहुंची चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे चपेट में लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल अंशिका को पहले लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। स्थिति गंभीर होने से उसे निजी अस्पात भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। अंशिका के पिता श्रवण जायसवाल काम के सिलसिले में बाहर गए हुए है। बच्चीं की मां अंशिका को अपनी गोद में लेकर वैन तक पहुंची थी इस दौरान अंशिका को गोद से नीचे उतार दिया। तब अंशिका वैन के सामने अचानक आ गई और चालक बिना चेक करे वाहन को आगे बढ़ा दिया।



मृतक अंशिका

### मासूम के शोर के बाद बचाने दौड़ा, लेकिन नहीं बचा पाया

प्रत्यक्षदर्शी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जहां पर वैन खड़ी थी वहां पर मेरी शॉप है। बुधवारी सुबह दुकान खोलकर बैठा ही था और हर रोज की भांति स्कूल वेन बच्चों को ले जाने के लिए पहुंची थी। सुबह 7 बजे वैन पहुंची थी। जायसवाल परिवार के दोनों बच्चियां वैन में बैठ गए लेकिन छोटू बेटी अंशिका भी दौड़ते हुए वैन के पास आई मगर चालक के लापरवाही के कारण मासूम उसके चपेट में आ गई। अंशिका को चक्के पर दबने पर उसने चिल्लाया आवज सुनते ही वेन की ओर देखा तो मासूम चक्के में दबी हुई है। वैन को धक्का देकर हटाया उसके बाद खून लतपथ अंशिका को पहले सुपेला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया। लेकिन अस्पताल वेंटिलेटर की सुविधा नहीं होने से मजबूरन निजी अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया। वेन में सिर्फ चालक ही था बल्कि स्कूल के वाहनों में सहायक भी रहता है।



प्रत्यक्षदर्शी

### स्कूल प्रबंधन की लापरवाही भी

ट्रैफिक नियम के मुताबिक स्कूल में उपयोग किए जाने वाले वाहनों में चालक के अलावा एक सहायक भी होना चाहिए। वह बस हो या फिर वैन किसी भी वाहन में दो लोगों का होना जरुरी है। लेकिन राम नगर कृष्णा विद्यालय के वेन में सिर्फ चालक ही बैठकर स्कूली बच्चों को लेने पहुंचा था। इस तरह के लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। कृष्णा विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा जायसवाल परिवार को भुगतना पड़ गया। हादसे के बाद वेन चालक बच्चों को लेकर सीधे वाहन को स्कूल लेकर गया। फिर प्रबंधन ने मृतका परिवार को कॉल कर दोनों बच्चों को लेने आने के लिए कॉल कर विद्यालय बुलाया था।

# पूजा खत्म होने के बाद भी पंडाल नहीं हटाया, गिरने से पांच घायल, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अचानक पूजा पंडाल भरभरा के गिरने से सड़क के गुजर रहे चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है। हादसा सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर का है। मामले में पुलिस ने मंदिर समिति के खिलाफ धारा 125 (ए) बीएमएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया

- सेक्टर 5 गणेश मंदिर की घटना, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

कि सेक्टर-5 स्थित में श्री सिद्धि विनायक मंदिर है। मंदिर समिति ने 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्री सिद्धि विनायक मंदिर के जीर्णोद्धारण स्वर्णबंधन महा-कुंभाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया था। तीन फरवरी को कार्यक्रम खत्म होने के बाद टेंट वाले ने सड़क किनारे पर लगे टेंट को नहीं हटाया था। बुधवार को टेंट हाउस संचालक अपने कर्मियों के साथ टेंट को खोल रहा था। इस दौरान उसने सड़क को ब्लॉक नहीं किया गया और आने जाने वाले के ऊपर अचानक भारी भरकम लोहे का सामान गिर गया। हादसे में सड़क से गुजर रही महिला स्कूटी चालक, साइकिल से जा रहे वृद्ध भी चपेट में आया है। हादसा टेंट वालों के बैलेंस बिगड़ने से होना बताया जा रहा है। घटना में दो लोग टेंट हाउस संचालक के कर्मी भी घायल है। आसपास के लोगों ने तुरंत डायल 112 को कॉल कर सूचना दी गई। घटना में एक महिला का सिर भी फट गया। वहीं एक गार्ड ने अपने गमछे से उसका सिर बांधे रखा था। सभी घायलों को सुपेला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता स्टेशन मरोदा निवासी बाबूलाल यादव ने बताया कि वह काम पर नेहरू नगर जाने के लिए निकला था। दोपहर अपने घर साइकिल से जाने निकला था। सेक्टर 5 में टेंट खोलने का काम चालू था, लेकिन लोगों की आवाजाही हो रही थी। अचानक पूरा टेंट का फ्रेम भरभराकर उसके ऊपर गिर गया। घटना में उसकी साइकिल टूट गई।



### नौ दिन के बाद भी टेंट सड़क पर लगा रहा

घायलो होने वाले लोगों ने बताया कि गणेश मंदिर समिति के लोग और टेंट हाउस संचालक हादसे के जिम्मेदार है। जब मंदिर का कार्यक्रम 3 फरवरी को खत्म हो गया था। तो 9 दिन तक इतना बड़ा टेंट सड़क में लगाकर क्यों रखा गया? सड़क में लगे हैवी टेंट को खोलने से पहले पुलिस की अनुमति लेकर सड़क को ब्लॉक क्यों नहीं किया गया। इनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

# आयकर रिटर्न के नाम पर 1.46 लाख ज्यादा वसूले, सीए पर धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर के प्रतिष्ठित सीए श्रीचंद लेखवानी पर कोर्ट के आदेश के बाद मोहन नगर थाने में धारा 420, 384, 389, 418, 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। शदाणी दरबार के पास, सिंधी कॉलोनी निवासी श्रीचंद लेखवानी

- पुलिस ने दर्ज किया श्रीचंद लेखवानी के खिलाफ अपराध

ने कोर्ट में उनके विरुद्ध परिवाद दायर किया था। न्यायाधीश अंकिता गुप्ता ने मोहन नगर पुलिस के आदेश जारी किया कि मामले में अपराध दर्ज कर जांच करे, साथ ही इसकी जानकारी न्यायालय को दें। इसके बाद मोहन नगर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि 4 फरवरी को कोर्ट से आदेश जारी हुआ। इस मामले में रामचंद्र गोदवानी ने सीए श्रीचंद लेखवानी के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कोर्ट को

### न्यायाधीश अंकिता ने दिया आदेश, जांच करें




अवगत कराया कि आयकर रिटर्न भरने के लिए 5,36,160 रुपए श्रीचंद लेखवानी ने उनसे लिए। जबकि आयकर विभाग को भुगतान 3,90,000 रुपए किया गया। इस प्रकार 1,46,160 रुपए अतिरिक्त लिए गए। रामचंद्र ने बताया कि उसका पूर्व में क्रेशर के कारोबार रहा है। श्रीचंद पेश से सीए हैं। आयकर विवर्णिका शासन के दिशा निर्देशों के तहत श्रीचंद के माध्यम से वे प्रेषित करते रहे हैं। वर्ष 2023 में अपने कारोबार के संबंध में आयकर विवर्णिका हेतु समस्त दस्तावेज जो श्रीचंद के द्वारा मांगे गए थे, प्रदत्त किए गए। इस पर श्रीचंद ने जुलाई 2023 के दूसरे सप्ताह में रामचंद्र को बुलवाया। धमकी दी कि रामचंद्र को 5,36,160 रुपए टैक्स के रूप में अदा करने हैं।

शासन को देय टैक्स 5, 36,160 रुपए निकलता है। यदि रकम नहीं देते हैं तो आपको हथकड़ी लग जाएगी, जेल भी हो सकती है। 26 जुलाई 2023 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा मालवीय नगर के चेक से 5,36,160 की राशि दी गई, जिसे श्रीचंद ने पंजाब नेशनल बैंक दुर्ग में प्रस्तुत कर 5,36,160 रुपए प्राप्त कर लिए।

इसके बाद रामचंद्र ने आयकर विवर्णिका की फोटो कापी व अदा किए गए टैक्स की पावती की मांग की गई, लेकिन नहीं दिया गया। दुर्व्यवहार कर रामचंद्र को अपने कर्मचारियों के समक्ष व आवेदक के मित्रों के समक्ष अपमानित कर गाली-गलौच कर भगा दिया गया। इसके बाद रामचंद्र ने पहले मामले की शिकायत 13 मार्च 2024 को मोहन नगर थाने में की।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**जन्मदिन उत्सव पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

खबर संक्षेप



## विश्व पुस्तक मेला में डॉ पाटनी की पुस्तक विमोचित

दुर्ग। दिल्ली के विश्व पुस्तक मेला में छत्तीसगढ़ मूल के अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर और बिजनेस कोच डॉ उज्जवल पाटनी की बेस्टसेलर पुस्तकों पावर थिंकिंग और जीत या हार रहो तैयार के नए संस्करणों का विमोचन हुआ। यह कार्यक्रम लेखक मंच हाल भारत मंडपम प्रगति मैदान में आयोजित किया गया। इस विशेष अवसर पर राज्यसभा सांसद और दानवीर हीरा व्यापारी गोविंद भाई ढोलकिया मुख्य अतिथि थे। उन्होंने डॉ पाटनी की पुस्तकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणादायक लेखनी और शिक्षाएं लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। पुस्तक विमोचन के दौरान गिनीज़ विश्व रेकॉर्ड विजेता डॉ उज्जवल पाटनी ने सफलता की क्रांतिकारी आदतों पर एक विशेष टॉक भी दी। डॉ पाटनी ने कहा कि पावर थिंकिंग सेमिनार शैली की पुस्तक है जिसके अंदर 17 वर्कशीट है> इसको पढ़ने से सेमिनार में हिस्सा लेने जैसा एहसास होगा> यदि किसी को पुस्तकें पढ़ने की आदत नहीं है तो उनको जीत या हार रहो तैयार से शुरुआत करनी चाहिए जो रोचक प्रसंगों और कहानियों से भरी है। डॉ. पाटनी को उल्लेखनीय योगदान के लिए 15. विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## वाहन की अनुमति के लिए अधिकारी नियुक्त

दुर्ग । त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र कमांक 1 से 12 बजरंग दुबे ने अस्थायी चुनाव कार्यालय, सभा, सम्मेलन, नुक्कड़ सभा व रैली हेतु अनुमति पत्र एवं चुनाव प्रचार हेतु वाहन की अनुमति के लिये सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जिला पंचायत तहसीलदार दुर्ग श्रीमती क्षमा यदु को अधिकृत किया गया है। संबंधित जिला पंचायत के अभ्यर्थी अनुमति हेतु कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर जिला पंचायत दुर्ग के कक्ष द्वितीय तल में आवेदन जमा कर सकते है।

## टाटा इतवारी एक्सप्रेस 13 व 14 फरवरी को रद्द रहेगी

दुर्ग। चक्रधरपुर रेल मंडल के बंडामुंडा स्टेशन में अधोसंरचना कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस वजह से कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जारी आदेश के अनुसार 13 और 14 फरवरी को गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इतवारी और टाटानगर एक्सप्रेस एक्सप्रेस रद्द रहेगी। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार बंडामुंडा रेलवे स्टेशन में मेंटनेंस का कार्य 13 और 14 फरवरी के बीच ही किया जाएगा। हालांकि एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित नहीं रहेंगी।

## प्रायोगिक परीक्षा 18 से

दुर्ग। हेमचंद यादव विवि के बी.एससी भाग 02 व 03 के परीक्षार्थी जिन्होंने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कालेज (साईंस कालेज) को परीक्षा केन्द्र चयनित किया है, उनकी प्रायोगिक परीक्षा की समय-सारिणी 18, 19 एवं 21 फरवरी को होगी।

# भाजपा का दावा मेयर में 50 हजार की लीड तो कांग्रेस का दावा आ रहे 40 पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम के मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस में जीत का दावा तेज हो गया है। एकतरफ जहां भाजपा के नेता महापौर की जीत का खुलकर आंकडे बयान कर रहे है। जिसमें पचास हजार मेयर की लीड और पार्षद के चालीस सीट जीतकर आने का दावा कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस का कहना है कि, हमारे चालीस पार्षद आएंगे, वही मेयर के जीत पर बगैर आंकडे जीत का दावा किया जा रहा हैं।

नगरीय निकाय चुनाव के निपटने के बाद जीत और हार का बाजार गर्म हो गया है। राजनीतिक संगठन अपने अपने दावे पेश कर रहे हैं। इस मामले को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव का कहना है कि, बीजेपी के प्रत्याशीयों के प्रति अपार समर्थन से स्पष्ट है कि, 50 हजार से अधिक मतो के अंतर से महापौर अल्का बाघमार और 40 से अधिक पार्षद जीतेंगे। वही दूसरी तरफ पूर्व विधायक अरूण वोरा ने मेयर प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू की जीत का दावा किया हैं। हांलाकि उन्होने मेयर की लीड पर कहा कि, आगामी पन्द्रह फरवरी को स्पष्ट हो जाएगा। उन्होने पार्षदों को लेकर मजबूती से कहा कि उनके 35-40 पार्षद जीतकर आ रहे हैं।

## बीजेपी विष्णुदेव सरकार की दे रही दुहाई, कांग्रेस ने कहा- खो चुके विश्वास

### भाजपा ने बताया, जीत के ये आधार



विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक वर्ष में ही आधे से ज्यादा चुनावी वादों को पुरा किये है। महतारी वंदन हो या किसानों को एकमुशत राशि। भूमिहीन को सहायता राशि, गरीबों को आवास देकर पक्के मकान के सपने को पूरा किये। दुर्गवासियों की हर मांग को सरकार ने पूरा किया। दुर्ग निगम के प्रत्येक वार्ड सीमेंटीकरण सड़क, नाली, पुल पुलिया सहित बुनियादी सुविधाओ के विस्तार करने लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति की श्रृंखला बनी हुई है। एक वर्ष में ही दुर्ग के लिए 249 करोड़ की राशि की स्वीकृति की हैं।

### कांग्रेस ने कहा- बीजेपी के दावे धरातल पर नहीं



कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा कि, मतदान के दिन कांग्रेस के लिए मतदाताओं का स्पष्ट रूझान दिख रहा था। जिससे हम पूरी तरह से जीत के लिए आश्वास्त हैं। उन्होने कहा इसका कारण पिछले सवा साल में जनता से बीजेपी ने विश्वास खो दिया है। करोडों का फंड लाने का दावा करने वाली भाजपा नेता का कार्य धरातल पर नही हैं। हमने कोरोना काल के बावजूद करोडों रूपए के कार्य कराए, जो जनता के सामने हैं।

## चुनाव में अव्यवस्था : मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों नाराज

# पीठासीन अधिकारी पर फर्जी दस्तखत के आरोप, मतदाता सूची को लेकर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव में राजनीतिक संगठनों की मेहनत पर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा पानी फेर दिया गया। मतदान इस कदर लापरवाही सामने आई कि, मतदाताओं को जहां बगैर वोटर के मायूस लौटना पडा। वहीं मतदाता सूची को लेकर थोक में शिकायत आने के बाद राजनीतिक संगठनों की जिला निर्वाचन के खिलाफ जमकर गुस्सा फूटने लगा हैं। दूसरी तरफ एक वार्ड में पीठासीन द्वारा फर्जी हस्ताक्षर किए जाने की शिकायत प्रत्याशी ने आयोग से की हैं।

मतदाता सूची को लेकर बोरसी वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशी ने जिला प्रशासन पर यह आरोप लगाया कि, विधानसभा की मतदाता सूची को बांट दिया गया हैं। भाजपा के नेताओं का कहना है कि, अंतिम प्रकाशन में नाम जोडने के बाद उन्हें सूची उपलब्ध नही कराई गई। हद तो तब हो गई है जब मतदान के दूसरे दिन भी बूथवार आंकडे तैयार नही किए गए हैं। जबकि अन्य जिलो में बूथवार रिपोर्ट जारी कर दिए गए है। मतदान के दूसरे दिन भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को जिला प्रशासन के सम्मान नतमस्तक तक होना पडा। लेकिन उन्हें भी बूथवार आंकडे उपलब्ध नही कराए गए। जिसके चलते दिनभर जिला प्रशासन और राजनीतिक संगठनों के बीच तनाव की स्थिति निर्मित रही।

## मतदान के दिन बूथों में भी अव्यवस्था, नियमों की जमकर उड़ी धज्जियां

### मतदाता की जगह पीठासीन ने किया दस्तखत

वार्ड क्रमांक 31 व बूथ क्रमांक 126 को लेकर प्रत्याशी व अधिवक्ता नीता जैन ने स्थानीय जिला निर्वाचन अधिकारी से लिखित शिकायत दर्ज कराई हैं। उन्होने बताया कि, बूथ में पीठासीन अधिकारी शिवनारायण पटेल द्वारा मतदाताओं की उपस्थिति पंजी में खुद ही दस्तखत किए हैं। उन्होने पीठासीन अधिकारी पर कार्यवाही कर तत्काल उपस्थिति पंजी उपलब्ध कराने की मांग की हैं। यह मामला दिनभर मतदान के दिन सुर्खियों में बना रहा।



### नाम जोड़ने में बरती गई लापरवाही

निर्वाचन आयोग द्वारा नाम जोडने के प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई हैं। हालात यह रहा है कि वार्ड के बूथ में नही बल्कि पूरा वार्ड ही बदल गया और मतदाता को एक वार्ड से दूसरे वार्ड में भटकना पडा। भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी राजेन्द्र पाध्ये ने बताया कि, पार्टी को जारी सूची और आयोग की सूची में बेहद अंतर था। वही जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक का कहना हैं कि, लगातार प्रयास के बाद भी जिला निर्वाचन अयोग द्वारा पार्टी को अंतिम सूची उपलब्ध नही कराई गई। उन्होने माना कि, मतदाता सूची में लापरवाही के कारण कई मतदाता वोट देने से वंचित हो गए।

### बूथों में कोई रोकटोक नहीं था, बल भी कम

बूथ से सौ मीटर के दायरे में राजनीतिक दलों को न पंडाल लगाना है और न ही वोटरों को प्रभावित करने जैसे कार्य करने है। लेकिन देखा गया कि, खुद प्रत्याशी व उनके कार्यकर्ता बूथो तक प्रवेश कर मतदाताओ को रिझाते दिखे। इस दौरान वार्ड 53 पोटियाकला व मारवाडी स्कूल सहित अन्य बूथों में ऐसे हालात बने रहे। केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती थी। हद तब हो गई जब राज्य निर्वाचन आयोग ने साफ कहा था कि, मतदाताओ को प्रत्याशी द्वारा वाहनो में नही ढोया जाएगा। लेकिन इसके बाद भी बूथों के अंदर तक ई रिक्शा से वोटर लाते रहे। दुर्ग के महावीर स्कूल सहित कई जगह ऐसा पाया गया।

### मतदाता सूची की इस तरह मिलती रही खामियां

नगरनिगम दुर्ग में सबसे ज्यादा समस्या बूथों में नाम नही होने पाया गया। वार्ड नौ तिलक कन्या स्कूल में राहुल साहू ने बताया कि, उन्होने लोकसभा व विधानसभा में वोट किया था। लेकिन इस बार नाम नही है। इसी तरह यहां विक्की यादव का भी नाम नही मिला। इस स्कूल में दर्जनभर लोगों के नाम नही मिले। वार्ड 53 और 54 व 11 में भी मतदाताओं के नाम नही मिले। वार्ड तीस में कुछ लोगों के नाम नही मिले। बोरसी वार्ड में पार्षद प्रत्याशी पोषण साहू ने भाजपा पर विधानसभा के पर्ची को बांटकर दिग्गभ्रमित करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ देखा गया कि, निर्वाचन आयोग द्वारा लोगों को मतदाता पर्ची का वितरण ही नही किया गया। ऐसे में मतदाता पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए पर्ची लेकर पहुंचे थे, जहां प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह पाया गया था। कई वार्ड का दूसरे वार्ड में नाम जाने जैसी गंभीर शिकायत भी मिली। पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल के परिवार के दो सदस्यों की सूची में नाम नही था।

### हमें निर्देश नहीं

बूथवार वोटिंग प्रतिशत को देने से हमें मना किया गया है। उपर से ऐसा कोई निर्देश नही मिला हैं। अन्य जिलो में जारी की जार ही तो हम कुछ नही कह सकते हैं।
**-अरविंद एक्का,** एडीएम

### बना नहीं

बूथवार वोटिंग प्रतिशत की जानकारी नही बनी हैं। बूथवार सूची तैयार की जा रही हैं। जिसके बाद दे पाएंगे।
**-विरेन्द्र सिंह,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी

### गंभीर त्रुटि रही

हमे अंतिम सूची प्रकाशन के बाद जानकारी ही नही मिली। जिसके कारण वोटरों को मतदान से वंचित होना पडा। मतदाता सूची में लापरवाही तो सामने आई हैं।
**-सुरेन्द्र कौशिक,** अध्यक्ष जिला भाजपा संगठन

### बेहद आक्रोश

मतदाता सूची में नाम नही होने के कारण मतदाताओं में आक्रोश था। मैने पाया बोरसी वार्ड में ढेरा नाम गायब मिले, वहीं वार्ड 39 में ढाई सौ नाम अन्य जगह चले गए। इस तरह की लापरवाही से आक्रोश तो हैं।
**-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

### सभी वार्डों में समस्या

मतदान के दिन सबसे बडी समस्या मतदाता सूची में नाम नही होना था। शहर के सभी वार्डो में इस तरह के हालात रहे। जो विधानसभा व लोकसभा में वोट डाले है। उनका नाम सूची में नही था।
**-धीरज बाकलीवाल,** पूर्व मेयर दुर्ग

## मतदान के पश्चात निर्वाचन प्रेक्षक ने की संवीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान पश्चात निर्वाचन सामान्य प्रेक्षक श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सर्व अभ्यर्थीगण महापौर पद एवं सर्व अभ्यर्थीगण पार्षद पद हेतु मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा की। नगर पालिक निगम दुर्ग के लिए संवीक्षा की कार्यवाही भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग ब्लॉक सी के प्रथम तल में की गई।

इस दौरान वोटों का सही मिलान कर मतदान की प्रतिशत स्थिति की संवीक्षा की गई। सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित हो। संवीक्षा के दौरान समस्त रिटर्निंग अधिकारी एडीएम अरविंद एक्का, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हरवंश मिरी एवं अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा अभ्यर्थीगण महापौर, पार्षद अथवा उनके निर्वाचन अर्भिकर्ता उपस्थित रहे।

## निदान 1100 में कॉल करें, 24 घंटे में समस्या दूर होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मूलभूत समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन ने शहर के लोगों से निदान 1100 में शिकायत करने अपील की है। साथ ही दावा किया है कि शिकायत का चौबीस घंटे में निराकरण कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं शिकायत का निराकरण करने के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने सड़क, नाली की सफाई, स्ट्रीटलाइट, मृत जानवर का उठाव, पेयजल, शौचालय, आवारा मवेशियों इत्यादि से होने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए निदान 1100 की शुरुआत की थी।

# बाबा रविदास की जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संत शिरोमणि श्री रविदास बाबा की जन्मोत्सव एवं माघी पूर्णिमा के

- माघी पूर्णिमा पर किया गया विभिन्न आयोजन






पावन अवसर पर रविदास समाज के द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान बडी संख्या में समाजिक बंधु व समाजिकजन उपस्थित थे। जहां शोभायात्रा में संगीतमय धुन के बजती रही।

इस दौरान शहर में सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न आयोजन भी किए गए थे। बजरंग दल के द्वारा रविदास बाबा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। समाज के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव का भगवे गमछे एवं पुष्पमाला के साथ अभिवादन किया गया। रविदास समाज के ऊपर पुष्पवर्षा कर भाव आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बजरंग दल के विभाग सह संयोजक राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, सह संयोजक खेमलाल सेन, दुर्ग नगर संयोजक बलदाऊ साहू, सह संयोजक राकेश राज, गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, किशन साहू, युवराज शर्मा, अरुण बिंद, देव वैभव पटेल, गोविंद कसेर, दीपक साहू, दीपक राम, वंश राजपूत, सुमित सोनी, टोमन साहू, राम कुमार ठाकुर, जितेंद्र राजपूत, लोचन साहू, उमेश साहू, शिवम् यादव, रोहन साहू, अनिल पटेल, प्रेम दस मानिकपुरी के साथ सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे। रविदास समाज के बजरंगी की उपस्थिति में रोहित तांडेकर, कमलेश मालापुरे सहित अन्य रहे।

# छात्रों की बनाई कलाकृतियों को खरीदेगा कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की कौशल क्षमता के आधार पर उनको रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय

- कलाकृतियों को करेंगे अतिथियों को भेंट

में अभिनव प्रयोग आरंभ किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में कालेज के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु बस्तर की लौह शिल्प वास्तुकला पर केन्द्रित 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों ने लौह शिल्प पर आधारित अनेक कलाकृतियां तैयार की। इन कलाकृतियों को समाज में पहुंचाने तथा विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं कौशल क्षमता के आधार पर स्व उद्यमी बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को कालेज द्वारा क्रय किया गया तथा महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न



सेमीनार तथा अन्य आयोजनों में अतिथियों को प्रदान किये जाने वाले स्मृति चिन्ह मोमेंटो के स्थान पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को भी प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा स्टार्ट-अप योजना आरंभ करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से यह प्रयास आरंभ किया गया है। इसके प्रथम चरण में गत सप्ताह माइक्रो-बायोलॉजी एवं बायोटेक्नालॉजी विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को स्मृति चिन्ह के रूप में अतिथियों को भेंट किया गया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि बस्तर से आए 03 प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बस्तर के लौह शिल्प आधारित कलाकृति निर्माण का प्रशिक्षण दिया।

### छात्रों को ऐसे मिलेगा लाभ

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक कलाकृति के विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत राशि उसके निर्माणकर्ता विद्यार्थी को प्रदान की जाएगी। इससे उस विद्यार्थी के मन में अपने कौशल क्षमता के आधार पर और अधिक कलाकृतियों के निर्माण में रूचि जागेगी। शेष राशि का उपयोग कलाकृति के निर्माण हेतु आवश्यक कच्चा माल, ईंधन एवं सुसज्जित करने हेतु अन्य सामग्री के क्रय में किया जायेगा। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि न केवल महाविद्यालय के विभिन्न विभाग बल्कि समीप स्थित महाविद्यालयों से भी विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लौह शिल्प कलाकृतियों को क्रय किये जाने संबंधी निवेदन प्राचार्य डॉ. सिंह को प्राप्त हो रहे हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दलों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

# चार रंगों में मतपत्र के जरिए कराएंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बीआईटी कॉलेज में मतदान दल

- चुनाव 17, 20 एवं 23 फरवरी को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगी

अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 1336 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के लिए मतदान आगामी 17, 20 एवं 23 फरवरी को किया जाएगा। मतदान का समय सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा।

मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान बहुत हद तक मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा के साथ-साथ वहां नियुक्त कर्मचारियों की निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। प्रत्येक मतदान अधिकारी आयोग के निर्देशों के अध्यधीन रहते हुए पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राधिकृत किए जाने पर पीठासीन अधिकारी के समस्त या किन्हीं भी कृत्यों का पालन करेगा। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतपत्र अलग-अलग रंगों में रहेगा। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र रहेगा।



### सामान्यतया मतदान केंद्रों में ही होगी मतों की गिनती

पंच, सरपंच, जनपद सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के लिए चुनाव प्रतीक अलग-अलग रहेंगे। अमिट स्याही लगाने के बाद मतदाता को पहले पंच तथा सरपंच पद के अभ्यर्थियों से संबंधित दो मतपत्र दिए जाएंगे और उसके बाद जनपद पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य से संबंधित दो मतपत्र दिए जाएंगे। सभी मतपत्र एक ही मतपेटी में डाले जाएंगे। मतदान सम्पन्न होने के पश्चात सामान्यतया मतदान केन्द्र पर ही मतों की गणना की जाएगी। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा।

### ऐसे होगा मतदान

मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के दायित्वों से अवगत कराया। मतदान अधिकारी निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति का प्रभारी, मतदाता सूची से मतदाता की प्रविष्टि को जोर से पढ़ने और मतदाता की पहचान निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान हेतु निर्धारित किए गए दस्तावेज के आधार सुनिश्चित करेगा। इनके पास अमिट स्याही भी होगी। मतदान अधिकारी क्रमांक 2 मतदाता को मतपत्र देगा। मतदाता को पहले पंच पद और सरपंच पद के लिए क्रमशः सफेद और नीले रंग के मतपत्र देगा। मतदान अधिकारी क्रमांक 3 मतदाता को जनपद पंचायत सदस्य के लिए पीले रंग का मतपत्र तथा जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र देगा। मतदान अधिकारी क्रमांक-4 मतपेटी पर सतत निगाह रखेगा और देखेगा कि मतदाता मत अंकित करने के पश्चात मतपत्र मतपेटी में ही डाले। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र को एक बड़ी मतपेटी दी जाएगी। कहीं-कहीं एक बड़ी और एक छोटी मतपेटी भी दी जा सकती है। पहले बड़ी मतपेटी का ही उपयोग किया जाना होगा। छोटी मतपेटी का उपयोग बाद में आवश्यकता पड़ने पर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### शव का भाजपा नेता ने किया अंतिम संस्कार

**भिलाई।** संतोषी पारा वार्ड 24 में एक वृद्ध की मौत हो गई। जिसके परिवार का कोई नहीं था। शव को पीएम के लिए भेजा गया। इसकी जानकारी जैसे ही भाजपा नेता और समाज सेवी भोला साहू को पता चला अपनी टीम के साथ अस्पताल परिसर पहुंचे। मृतक राम कुमार के शव को लेकर सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राम कुमार कुछ दिन पहले ही वार्ड 31 में रहने आए हुए थे। अचानक उनकी मौत हो गई। परिवार में उनका कोई नहीं है। भोला साहू ने पवित्र आत्मा की मुक्ति के लिए हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। भोला साह अक्सर सामाजिक कार्य करते रहते है।

### स्टोर कीपर की मौत

**भिलाई।** बीएसपी के स्टोर कीपर की मौत का मामला सामने आया है। फिलहाल मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीएम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक साइकॉन कंपनी का कुछ काम बेस कीचन के पीछे चल रहा है। जहां 33 वर्षीय जीतू कुमार स्टोर कीपर का काम करता था। सुबह प्रथम पाली में काम पर आया हुआ था। श्रमिको को सामान देने के बाद वह सो गया। सफाई कर्मी सुबह पहुंचे तो उसे जगाने लगे। लेकिन सफाई कर्मियों को लगा कि सो रहे हैं। काफी देर तक आवाज देने पर भी शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर संदेह होने पर उठाने का प्रयास किया गया। नहीं उठने पर उसे तुरंत अस्पताल लेकर गए। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया। कंपनी के कर्मियों ने इसकी जानकारी अफसरों को दी।

### आठ वाहनों से 18 हजार समन शुल्क वसूला

**भिलाई।** सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने उतई मार्केट में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई किया है। ट्रैफिक एएसपी सुश्री ऋचा मिश्रा ने पूर्व में भारत माला परियोजना के अंतर्गत चलने वाले भारी वाहन चालको को पर उतई के मार्केट एवं आवासीय क्षेत्र में दिन के समय प्रवेश न करने की समझाइश दी। लेकिन ट्रैफिक नियमों का पालन वाहन चालको द्वारा नहीं किया गया। जोन सिविक सेन्टर प्रभारी के द्वारा उक्त मार्ग में वाहन चेंकिंग के दौरान 8 भारी वाहन मार्ग पर चलते पाया गया। 18 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया। इस मार्ग में रात 11 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रवेश करने समझाईश दी गई।

### सरिया चोरी करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** सरिया चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि बाल उद्यान नेहरू नगर में निमाणाधीन भारत रत्न अटल स्मारक मे ढलाई करने के बाद अज्ञात चोर सरिया काटकर फरार हो गया।थाने में शिकायत मिलने पर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर कोसानाला निवासी गुलजार सिंह को पकड़ा गया। आरोपी से 18 नग लोहे का सरिया जब्त किया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। आरोपी आदतन अपराधी है और पूर्व में भी जेल जा चुका है।

# 38 नेशनल गेम्स उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ के ए नवीन ने जीता रजत पदक

## भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित की गई थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजित 38 वी नेशनल गेम्स उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ के ए नवीन साईं ने आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स के स्टील रिंग में रजत पदक जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। साईं ने जिम्नास्टिक्स के क्वालिफिकेशन राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेस्ट 8 में अपनी जगह बनाई थी। जिसके बाद 12 जनवरी को अप्रेट्स फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और .रजत.पदक 12.833 अंको से जीता। ए नवीन साईं ने स्कूल नेशनल, सीनियर नेशनल जैसे कई प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दे चुके है। छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए जिम्नास्टिक्स जैसे विद्या में पदक प्राप्त करना बहुत ही सुंदर और कठिन परिश्रम का फल है। नवीन साई को कई वर्षों तक प्रैक्टिस कराने वाले प्रमुख कोच प्रवीण शर्मा को भी एसोसिएशन के महासचिव द्वारा बहुत -बहुत बधाइयां दी गई। छत्तीसगढ़ से जिम्नास्टिक खेल में पदक प्राप्त करना गौरव की बात है।इस पदक से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों, कोच एवं जिम्नास्टिक से जुड़े सभी लोगों को जिम्नास्टिक्स खेल में अपार संभावना दिखेगी।



### ओलंपिक संघ ने दी बधाई

नवीन साईं के पदक प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया तथा छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से हेड आफ डेलिगेशन साहिराम जाखड़ तथा ओलंपिक एसोशिएशन के सभी पदाधिकारीगण,एवं छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डी.एस सिब्बल , सचिव शत्रुघन स्वाइन एवं समस्त मेंबर्स ने खिलाड़ी को बधाई दी है। साथ ही कोच विशाल देशमुख को भी बधाई दी है।

## सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश ने प्रस्तुत किया नौ महीने का रिपोर्ट कार्ड

# घटती कीमतों और सस्ते आयात के दबाव से जूझ रहे स्टील मार्केट में सेल बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल) ने बुधवार को बीते 31 दिसंबर को समाप्त हुई तीसरी तिमाही और नौमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी कर दिए हैं। इस चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सेल के परिचालन से कारोबार और विक्रय मात्रा में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में ईबिट्डा में भी सुधार देखने को मिला है। इसे लेकर सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल ने घटती कीमतों और सस्ते आयात के दबाव से जूझ रहे इस्पात बाज़ार के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान और पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुक़ाबले बेहतर ईबिट्डा हासिल किया है। ईबिट्डा में अर्निंग बिफोर इंटरेस्ट, टैक्स डिप्रिशिएशन, अमोरटाइजेशन जैसे विषय शामिल हैं। अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि हम उत्पादन को बढ़ावा देने और लागत दक्षता बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग हैं। इसके साथ ही साथ हम हरित प्रौद्योगिकियों की तलाश करने और उसे लागू करने पर भी जोर दे रहे हैं। हमें उम्मीद है कि उचित उपायों के चलते सस्ते आयात के मुद्दे का समाधान निकल आएगा। बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का अभियान घरेलू इस्पात उद्योग के लिए अच्छा रहेगा, जिससे मांग को बढ़ावा मिलेगा।

### 31 दिसंबर 2024 तक का ब्योरा किया सार्वजनिक



### वर्ष 2023-24 और 2024-25 वित्तीय वर्ष के नौ महीनों के परिणाम

| विषय | इकाई | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| कच्चा इस्पात उत्पादन | मिलियन टन | 14 .22 | 14 .08 |
| विक्रय मात्रा | मिलियन टन | 12 .46 | 12 .54 |
| प्रचालन से कारोबार | रुपया करोड़ | 77,417 | 73,162 |
| ब्याज, कर, मूल्यहास और ऋण चुकाने से पहले की कमाई | रुपया करोड़ | 8,451 | 7,983 |
| अप्रत्याशित वस्तुएं और कर से पहले का लाभ | रुपया करोड़ | 2,698 | 1,728 |
| अप्रत्याशित वस्तुएं | रुपया करोड़ | 339 | 283 |
| कर-पूर्व लाभ | रुपया करोड़ | 2,359 | 1,445 |
| कर -पश्चात लाभ | रुपया करोड़ | 1,722 | 970 |

### विदेशों से होने वाले आयात पर असर नहीं

अधिकारियों ने बताया कि ड्यूटी घटने से दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों से होने वाले आयात पर असर नहीं पड़ेगा। इन देशों के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता है। चीन व अन्य नॉन-एफटीए देशों से होने वाला आयात हालांकि सस्ता हो जाएगा। चीन से निर्यात होने वाले हॉट रोल्ड कॉइल (HRC) का प्राइस पहले ही गिर गया है, क्योंकि ठंड के मौसम में इसकी मांग घट गई थी।

### स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ने से सेकंडरी स्टील प्रॉड्यूशर्स को लाभ

स्टील कारोबार से जुड़े एक्सपर्ट की मानें तो उपभोक्ता उद्योगों को ऊंची कीमत की मार से बचाने के लिए सरकार ने बजट में फ्लैट स्टील उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी को घटा दिया है। इसी तरह लांग प्रॉडक्टर पर कस्टम ड्यूटी को भी पिछले कुछ वर्षों में घटाया गया है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर खर्च बढ़ाए जाने से स्टील की खपत बढ़ने का अनुमान है। इधर स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ने, शिप ब्रेकिंग कैपेसिटी को कारोबार बढ़ाकर दोगुना किए जाने और स्टील स्क्रैप पर ड्यूटी घटाए जाने से सेकंडरी स्टील प्रॉड्यूशर्स को लाभ मिला है। जल जीवन मिशन पर 2.87 लाख करोड़ रुपए सरकार ने जारी किए थे। इसके अलावा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क से 100 और जिलों को जोड़ने से स्टील पाइप की बिक्री बढ़ने का अनुमान है।

# वाएचएआई के चुनाव में तिवारी अध्यक्ष, अवधिया और देवांगन चुने गए उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया वाएचएआई भिलाई इकाई के पदाधिकारियों का त्रैवार्षिक चुनाव हाल ही में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। इंडियन कॉफी हाउस सेक्टर 10 में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष ऋषि कांत तिवारी, उपाध्यक्ष सुधीर अवधिया और महेन्द्र देवांगन चुने गये। चेयरमेन के पद पर के. सुब्रमण्यम एवं कोषाध्यक्ष के पद पर हेमलाल देवांगन चुने गये। सभी पदों के लिए एक एक आवेदन ही प्राप्त हुए थे। इनका कार्यकाल 2025 से 2028 तक तीन वर्षों का रहेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सचिव के पद पर सुबोध देवांगन का मनोनयन किया। एपीसी के पद पर पंकज मेहता, सीपीसी के पद पर सुमन माण्डवे, ईपीसी के पद पर पीके सिंह, आईटीसी के पद पर दीपक कुमार दीमन का मनोनयन किया गया। चुनाव अधिकारी के रूप में यूथ हॉस्टल्स कोरबा इकाई से मोहनलाल साहू, पर्यवेक्षक के रूप में भिलाई इकाई के वरिष्ठ सदस्य पीके सिंह तथा छानबीन समिति में श्रावणी सेनगुप्ता और शिल्पी सरकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर भिलाई इकाई के संस्थापक सदस्य एस सुरेश राव एवं वरिष्ठ सदस्य पीके सिंह का यूथ हॉस्टल्स के प्रति समर्पण, जुड़ाव और सक्रियता को ध्यान में रखकर समग्र योगदान के लिए विशेष सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों के त्रैवार्षिक चुनाव सह पारिवारिक मिलन समारोह में संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं विचारक जयप्रकाश साव, भारती साव, श्वेता तिवारी, ओमकुमारी देवांगन, अंशुल देवांगन, के सिन्धु, के स्तुति, राहुल जांगड़े, प्रिया जांगड़े, भूमिका देवांगन, लीना देवाँगन, आकांक्षा देवाँगन, देवांश माण्डवे, सविता सिंह, रेणुका साहू, बी समीर, पुष्पलता वर्मा, मृणाल पिल्लई कर्नल सेवानिवृत्त हरिशरणजीत कौर, रश्मि मेहता, कल्पना अवधिया, नीतू वर्मा सहित अन्य सदस्यों की सराहनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन सुबोध देवांगन ने एवं आभार ज्ञापन ऋषि कांत तिवारी ने किया।

- यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई के पदाधिकारियों का त्रैवार्षिक चुनाव सम्पन्न

# सफाई किस प्रकार से होगी जब नाले और नाली के ऊपर अवैध कब्जा कर लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- जोन क्रं. 4 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को नोटिस देने के लिए आदेशित किये

बुधवार को जोन क्रमांक 4 शिवाजी खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38, 30, 32 इत्यादि वार्डो में भ्रमण के दौरान देखा गया कि कुछ नागरिको द्वारा नाले के ऊपर अवैध कब्जा करके उसे ढक दिये है। कुछ लोग उसके ऊपर नहानी खोली, बाथरूम, बना लिए है। कुछ कब्जाधारी ऐसे है जो नाली के ऊपर स्लैब डालकर घर भी बना लिए है। ऐसे सभी अवैध कब्जाधारियों को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रं. 4 के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को नोटिस देने के लिए आदेशित किये है।

कब्जाधारी चार दिनों के अंदर अपना कब्जा खाली कर जगह को रिक्त कर दें। नहीं तो नगर निगम भिलाई द्वारा जेसीबी के माध्यम से कब्जा रिक्त कराया जायेगा। इसमें आवश्यकता से अधिक निर्माण टूटने की संभावनी बनी रहती है। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मकान मालिक की होगी। सफाई किस प्रकार से होगा, वहां सफाई गैंग कैसे काम कर सकता है। न ही वहां पर सफाई कर्मचारी का फावड़ा चलेगा। हर व्यक्ति एक दूसरे पर दोष रोपण करेगा, तो सफाई नहीं होगा। अवैध कब्जे के पास कचरा जाम हो जाता है। यह भी देखने में आ रहा है, कि पालीथीन का रैपर, झिल्ली, पन्नी, डिस्पोजल, कुरकुरे को पैकेट, गुटका का पैकेट इत्यादि अपने घर के सामने नाली में फेंक देते है। नाली से केवल पानी जा सकता है, कचरा नहीं। बस मानसिकता बदलने की जरूरत है, ऐसे सभी दुकानदारो के ऊपर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जा रही है।

निरीक्षण के दौरा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, जोन सुपरवाइजर मंत राम यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी इत्यादि उपस्थित थे।



### छात्रों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को अतिथियों को करेंगे भेंट

**भिलाई।** नई शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों की कौशल क्षमता के आधार पर उनको रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साइंस कॉलेज दुर्ग में अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि हाल ही में महाविद्यालय के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु बस्तर की लौह शिल्प वास्तुकला पर आधारित 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने लौह शिल्प पर आधारित अनेक मनमोहक कलाकृतियां तैयार की हैं। इन कलाकृतियों को समाज में पहुंचाने तथा विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं कौशल क्षमता के आधार पर स्व उद्यमी बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को महाविद्यालय द्वारा क्रय किया गया। महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न सेमीनार तथा अन्य आयोजनों में अतिथियों को प्रदान किये जाने वाले स्मृति चिन्ह मोमेंटो के स्थान पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को भी प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। स्टार्टअप आरंभ करने हेतु प्रेरित करने के उदेश्य से यह अभिनव प्रयास किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में गत सप्ताह माइक्रोबायलॉजी एवं बायोटेक्नालॉजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को स्मृति चिन्ह अतिथियों को भेंट किया ।




## बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के संबंध में ज्ञापन सौंपा

# 'केंद्रीय बजट' विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर केंद्रित होने के साथ विकासोन्मुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चेंबर प्रतिनिधी मंडल ने बुद्धिजीवी सम्मलेन में केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी जी को बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।

महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि आज एक निजी होटल में आयोजित केन्द्रीय बजट 2025-26 बुद्धिजीवी सम्मलेन में चेंबर प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ । सम्मलेन में मुख्य वक्ता प्रह्लाद जोशी, केन्द्रीय मंत्री केन्द्रीय उपभोक्त मामले, खाद्य एवं सार्वजानिक वितरण तथा नवीन एवं नवीनीकरण उर्जा को चेंबर प्रतिनिधी मंडल द्वारा बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा।



सम्मलेन में चेंबर ने ऐतिहासिक केन्द्रीय बजट का स्वागत करते हुए अजय भसीन ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 'विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर केंद्रित होने का साथ-साथ विकासोन्मुख है। प्रस्तुत दूरदर्शी बजट 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों के ओर से आभार व्यक्त करते हैं, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई क्षेत्र पर जोर दिया गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास का दूसरा इंजन। यह समग्र विकास, आर्थिक विकास और सशक्तीकरण पर सराहनीय फोकस के साथ ₹विकसित भारत₹ की दिशा में एक व्यापक रोडमैप को दर्शाता है।

व्यापार एवं उद्योग के साथ गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी एवं वरिष्ठ नागरिकों पर आधारित यह एक संतुलित बजट है। प्रस्तुत बजट विजन 2047 समृद्ध भारत की ओर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

### चैंबर ने दिया महत्वपूर्ण सुझाव

छत्तीसगढ़ चेंबर ने बजट 2025 में लाए गए प्रावधानों से संबंधित सुझाव में महत्वपूर्ण बिंदु दिए जिसके अनुसार जीएसटी मामलों में जुर्माना लगाने के लिए बजट में एक प्रस्ताव जैसे की अपील दायर करने के लिए पूर्व शर्त के रूप में जुर्माने का 10% जमा करने का प्रस्ताव को पहले की तरह यथावत रखा जाए। अद्यतन रिटर्न से सम्बंधित नियम के अंतर्गत पेनाल्टी की राशी को कम किया जाना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा अनुपालन होंगे और विवाद भी कम हो। आपूर्तिकर्ताओं के क्रेडिट नोट्स की निगरानी के लिए प्राप्तकर्ताओं पर एक अतिरिक्त अनुपालन जिम्मेदारी डालता है। वर्तमान में, ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिसके माध्यम से कोई आपूर्तिकर्ता यह जांच सके कि प्राप्तकर्ता ने अपना आईटीसी वापस कर दिया है या नहीं और इसलिए, यह सुलह प्रक्रिया को जटिल बनाता है और अनजाने में त्रुटियां हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप भविष्य में विवाद और दंड के कारण अतिरिक्त मुकदमेबाजी हो सकती है अतः इस प्रावधान को हटाया जाए। उपरोक्त सभी सुझावों पर केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सकारात्मकता दिखाते हुए उचित कदम उठाने की बात कही ।



04

डैनियल का जलवा

## लाइव इवेंट

### स्टूडेंट्स ने मैग्मा के क्रिस्टलीकरण और चट्टानों के बनने की प्रक्रिया को समझा



**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु 4 आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अन्य संस्थाओं से सह-संबंध स्थापित करने की योजना के अंतर्गत आयोजित इन आमंत्रित व्याख्यानों में भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थियों ने विषय के ज्ञान के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति के अवसर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। यह जानकारी प्रदान करते हुए भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास देशमुख ने बताया कि प्रथम आमंत्रित व्याख्यान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्राध्यापक डॉ. केआर हरि ने मैग्मा के किस्टिलीकरण तथा चट्टानों के निर्माण प्रकिया की जानकारी प्रदान की। डॉ. हरि ने विभिन्न चट्टानों के निर्माण को पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रदर्शित किया। द्वितीय व्याख्यान में शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. संदीप वानसुत्रे ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रत्न उनका महत्व एवं निर्माण प्रक्रिया की रोचक जानकारी दी। डॉ. संदीप ने विद्यार्थियों को विभिन्न रत्नों के प्रभाव के विषय में भी अवगत कराया।

#### भूगर्भशास्त्र में भी रोजगार के अवसर, छात्रों को कराया अवगत

तृतीय आमंत्रित व्याख्यान में साइंस कॉलेज रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आर श्रीधर राव ने भूगर्भशास्त्र के विद्यार्थियों हेतु रोजगार के अवसर पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। चतुर्थ व्याख्यान में उच्चशिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. अमर श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को भूविज्ञान के इतिहास तथा भूविज्ञान से संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि उपरोक्त चारों व्याख्यान में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। इन व्याख्यानों के आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से विशेषज्ञों के ज्ञान का लाभ उठाने की बात कही। इन व्याख्यानों के आयोजन में भूगर्भशास्त्र के डॉ. विकास स्वर्णकार, डॉ. इन्द्रजीत साकेत का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सिटी इवेंट

### 10वीं और 12वीं को सफलता का मंत्र, जोखिम उठाएं, सर्वश्रेष्ठ के लिए करें प्रयासः नितिन पंडया

**भिलाई।** 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं जल्द शुरू होनी हैं। मॉडल टेस्ट शुरू हो चुके हैं। विद्यार्थी इन दिनों पढ़ाई में व्यस्त हैं। इसे लेकर मोशन भिलाई के नितिन पंडया ने इन छात्रों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने छात्रों को सफलता का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग अपने सपनों को पूरा करने से इसलिए पीछे रह जाते हैं, क्योंकि उन्हें असफलता से डर लगता है। लेकिन जब आप खुद पर भरोसा रखते हुए पहला कदम उठाते हैं, तो आप अपने और दूसरों के जीवन में बदलाव लाने की क्षमता को महसूस करते हैं। आप तभी सफल होंगे जब आप वास्तविक समस्याओं के लिए हल उपलब्ध कराएं। हमेशा बेस्ट के लिए 100 प्रतिशत प्रयास करें, सफलता जरूर मिलेगी।



याद रखें यहां पर जोखिम उठाने से तात्पर्य यह है कि उन सभी सकारात्मक उपलब्ध उपायों और विकल्पों को एक बार जरूर आजमाकर देखें। आपको अपने परफार्मेंस में सुधार नजर आता है। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ के लिये प्रयास से हमारा यहां तात्पर्य है कि अपनी क्षमता का 100 प्रतिशत देना और न कि 99.9 प्रतिशत देना, सफलता के लिए प्रयास जरूरी है।

#### पालकों की जिम्मेदारी बच्चों की क्षमता का आंकलन करें

पंडया ने कहा कि हम सभी ये जानते हैं कि ताली एक हाथ से नहीं बजती। इसी प्रकार ऊपर दिए गए सफलता का मंत्र दोनों छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए एक साथ लागू होते हैं। हर अभिभावक का भी सपना होता है कि उनकी संतान जीवन की हर परीक्षा में सफलता की ऊंचाइयों को छुए। इसलिए जोखिम जरूर उठाएं किंतु अपनी संतान की वास्तविक क्षमता को देखते हुए। इसी प्रकार अपनी संतान का 100 प्रतिशत साथ दें इस प्रयास में। यानि उनकी पढ़ाई के अलावा उनकी दैनिक दिनचर्या, मानसिक उत्साह, परिवार के अन्य सदस्यों और मित्रों के साथ उनका व्यवहार और बातचीत आदि का पूरा ध्यान रखें।

### आनंद सरोवर बघेरा में 19 से होंगे राममंदिर के दर्शन, 27 फरवरी तक आध्यात्मिक मेला

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी आनंद सरोवर बघेरा में 19 से 27 फरवरी के मध्य आध्यात्मिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक भगवान की आकर्षक प्रतिमाओं के दिव्य दर्शन होंगे। इस अवसर पर 45 फीट के शिवलिंग, राम मंदिर की झांकी, आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी, भगवान शिव की चैतन्य झांकी, अनोखा दुग्धाभिषेक, द्वादश ज्योर्तिलिंग, बच्चों के मूल्यों पर आधारित गेम प्रमुख आकर्षण रहेगा। प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है। इसके अलावा 28 फरवरी से 4 मार्च तक राजयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह साढ़े 7 से साढ़े 8, 9 से 10, शाम को 5 से 6, साढ़े 6 से साढ़े 7 बजे तक मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों में संतुलन, आत्मबल और मनोबल में वृद्धि से जुड़ी योग की जानकारी प्रदान की जाएगी।

---

● देश के अलग-अलग शहरों से आए अंकुर, मयंक, अनिल, गणेशीलाल और यशवंत लेंगे दीक्षा

# वैराग्य की ओर अग्रसर पांच दीक्षार्थी शहर में, जैन मंदिरों में कराई गोदभराई, धर्मसभा में रखे विचार, अनुमोदना के साथ किया विदा

दिगंबर जैन समाज में इन दिनों आध्यात्म की बयार है। जैन मंदिरों में देश के अलग-अलग शहरों से आए पांच दीक्षार्थी अंकुर, मयंक, अनिल, गणेशीलाल और यशवंत की गोदभराई की जा रही है। धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है, जहां जैन उपदेशों से समाज के लोगों को अवगत कराया जा रहा है। इन पांचों की दीक्षार्थी की 2 मार्च को मुंबई में दीक्षा होनी है। इसे लेकर वे देश भ्रमण पर निकले हैं। वे दुर्ग-भिलाई के अलग-अलग मंदिरों में पहुंच रहे हैं, जहां उनका सम्मान और गोदभराई की रस्म की जा रही है। भिलाई के त्रिवेशी जैन तीर्थ और वैशालीनगर दिगंबर जैन मंदिर में गोदभराई का कार्यक्रम हुआ। संत शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागर द्वारा मुंबई में इन दीक्षार्थियों की दीक्षा दी जानी है।



**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ के जैन भवन प्रांगण में पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा सेक्टर 6 द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी दीक्षार्थी का सम्मान किया गया। दीक्षार्थियों ने 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान पार्श्वनाथ के मंगल दर्शन किए। उनकी वंदन की। इसके बाद धर्मसभा का आयोजन किया गया।

धर्म सभा में आचार्य विशुद्ध सागर फोटो चित्र के समक्ष पारसनाथ दिगंबर जैन सभा और जैन ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों ने जयकारा लगाया। साथ मंगलदीप प्रज्वलित करते हुए नमोस्तु कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक ज्ञानचंद बाकलीवाल, वीके शाह, डॉ. जिनेंद्र जैन, प्रवीण छाबड़ा, प्रशांत जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, भारत जैन, सिंपी जैन, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, संजीव जैन, अनुपम जैन सहित अन्य मौजूद थे।

दीक्षार्थियों का तिलक लगाकर, मोतियों की हार और मुकुट पहनाकर उनका वंदन और अभिनंदन किया गया। इसके बाद गोद भराई में श्रीफल और पंचमेवा अर्पण किया गया। दीक्षार्थियों ने अपने हाथों से भक्तों को प्रसाद वितरित किया। मंगलाचरण बहु मंडल की सदस्यों ने किया। मंच संचालन प्रशांत जैन ने किया। इस अवसर पर महिलाओं ने दीक्षार्थियों के सम्मान में गीत गाए। उनका स्वागत किया।

## ये पांच ब्रह्मचारी लेने जा रहे 2 मार्च को मुंबई में दीक्षा

समाज के प्रदीप बाकलीवाल ने बताया कि मुंबई में 2 मार्च को होने वाले दीक्षा समारोह में नागौर राजस्थान के बाल ब्रह्मचारी अंकुर, गोंदिया महाराष्ट्र के बाल ब्रह्मचारी मयंक, गुन्नौर एमपी के ब्रह्मचारी गणेशी लाल, रामगढ़ राजस्थान के ब्रह्मचारी यशवंत, गुवाहाटी असम के ब्रह्मचारी अनिल कुमार दीक्षा लेने जा रहे हैं। मंदिर में गोद भराई की रस्म की गई। आचार्य विराग सागर और विशुद्ध सागर के जयकारे लगाए गए।



आचार्य ने मंगल प्रवचन देते हुए अपना अनुभव सभा में बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी राग द्वेष और मोह माया से बच्चे और अपने शेष जीवन को दूर रखें। पार्श्वनाथ भगवान, शांति नाथ भगवान और भगवान महावीर की प्रतिमा के समक्ष उनके आशीर्वाद से आप सभी मां जिनवाणी का रसपान करें। जैन धर्म की शिक्षा संस्कार के साथ जुड़े रहें। अपना आत्म कल्याण करें, यही सच्चा जैन धर्म है। दीक्षार्थियों ने कहा कि हमारे जीवन की यही पुण्य की कमाई है, जो हम मुक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर हो रहे हैं।



---

# नेहरू आर्ट गैलरी में इंदिरा कला यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रों की पेटिंग्स की प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पूर्व छात्राओं द्वारा निर्मित पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 13 फरवरी को यह प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके लिए एक विशेष समूह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अनन्त साहू, हुकुम लाल वर्मा और जितेन साहू द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स प्रदर्शित की जाएगी। इसका उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रबंधन सेवाएं डीएल मोइत्रा शाम 5:30 बजे करेंगे। तीनों कलाकार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश-विदेश में काफी लंबे समय से कला गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। सभी कलाकार वर्तमान में कुछ वर्षों से लगातार छत्तीसगढ़ में रहकर कला सृजन कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी 13 से 15 फरवरी तक आयोजित है। प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

### तीनों ने कला के क्षेत्र में बनाई है अपनी एक अलग पहचान





राजनांदगांव निवासी हुकुम लाल वर्मा एक प्रसिद्ध चित्रकार हैं। उन्होंने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से एमएफए की डिग्री ली। उनकी कला का प्रदर्शन भारत भवन, नई दिल्ली और भोपाल में किया जा चुका है। संस्कृत विभाग से फेलोशिप प्राप्त हैं। जितेन साहू ने बीएफए और एमएफए की डिग्री ली है। वे नई दिल्ली, भोपाल और हैदराबाद में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुक हैं। उनकी हिंदी कविताएं तेवर, आज कल और पहल जैसी पत्रिकाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। वहीं अनन्त कुमार साहू का जन्म छत्तीसगढ़ के पटेवा में हुआ। वे बीएफए और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर चुके हैं। वे 9 एकल प्रदर्शनी दिल्ली, मुंबई, इलाहाबाद, बड़ौदा, भोपाल, हालैंड में आयोजित कर चुके हैं।

# शंकराचार्य निश्चलानंद की आज से दो दिन धर्मसभा, दुर्ग के भक्त रवाना हुए कवर्धा

**भिलाई।** हिंदू राष्ट्र प्रणेता, सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वमनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधिश्वर अनंत विभूषित शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत कवर्धा पहुंचे हैं। वे 15 फरवरी तक कवर्धा में रहेंगे। उनके आगमन की सूचना के बाद दुर्ग और भिलाई से उनके भक्त उनके दर्शन के लिए कवर्धा रवाना हुए। आदित्यवाहिनी के संभाग संयोजक नारायण शर्मा ने बताया कि बुधवार को शाम 4 बजे कवर्धा में उनका सनातन परंपरा के अनुरूप स्वागत किया गया। आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे के निवास में वे पधारे। 13 और 14 फरवरी को सरदार पटेल मैदान में 3:30 बजे से धर्मसभा का आयोजन होगा। जहां धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश देंगे।



इसके अलावा 13 से 15 फरवरी तक सुबह 11 बजे यूनियन चौक स्थित आशीष दुबे के निवास प्रांगण में हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी, दर्शन, दीक्षा एवं पादुका पूजन का कार्यक्रम होगा। जहां धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्ररक्षा से संबंधित श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाएगा। 15 फरवरी को शाम 4 बजे जगतगुरु शंकराचार्य ग्राम मड़मड़ा पांडातराई के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 16 फरवरी को उनकी धर्म सभा होगी। जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग का दुर्ग संभाग के कवर्धा मैं शुभागमन हो रहा है। इसे देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। दुर्ग में भी बैठक हुई।

---

## फिनटेक ऐसी कंपनियां कहलाती हैं जो वित्तीय सेवाएं देने की दिशा में रोजगार दे रहीं

# आईआईटी फिनटेक सिक्योरिटी पर बूट कैंप, 30 स्टूडेंट्स किए गए शॉर्टलिस्ट, लैंड मैनेजमेंट, सप्लाई चेन से जुड़े सॉफ्टवेयर पर मंथन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** फिनटेक देश में एक तेजी से बढ़ते आर्थिक बाजार का वादा करता है, जो आने वाले वर्षों में हजारों नौकरियों का सृजन करने में सक्षम है। भारत को इस क्षेत्र में अपने कार्यबल, विशेष रूप से अपनी युवा पीढ़ी को कुशल बनाने के लिए पहल करने की आवश्यकता है। इसे देखते हुए आईआईटी भिलाई के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग ने फिनटेक सुरक्षा पर पांच दिवसीय बूट कैम्प का आयोजन किया। आईआईटी हैदराबाद, एनआईटी रायपुर, सी-डैक हैदराबाद के प्रशिक्षकों ने फिनटेक अनुप्रयोगों और सुरक्षा के बारे में लगभग 30 शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को प्रशिक्षण दिया। ये वे छात्र थे, जो इन विषय के एक्सपर्ट भी माने जाते हैं। प्रोफेसर्स ने बताया कि फिनटेक का मतलब है, वित्तीय प्रौद्योगिकी। यह एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल उन कंपनियों के लिए किया जाता है जो वित्तीय सेवाएं देने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करती हैं। फ़िनटेक, बैंकिंग, बीमा, निवेश, और वित्त से जुड़े किसी भी क्षेत्र में हो सकता है।



### मिनी हैकाथॉन का भी आयोजन, ग्रुप्स में इनोवेशन

पिछले दो दिनों में एक मिनी-हैकाथॉन का भी आयोजन आईआईटी भिलाई में किया गया। इसमें प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया गया। भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली, आपूर्ति-श्रृंखला सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म जैसी विशिष्ट व्यावसायिक समस्याओं के लिए समाधान तैयार किए गए। जूरी की अध्यक्षता डॉ. सौरभ गुप्ता, जे. सचिव, एमएचए, नैटग्रिड ने की। इस दौरान स्टूडेंट्स ने अपने इनोवेटिव आइडिया के जरिए समाधान तलाशे। साफ्टवेयर के माध्यम से इसके उपयोग की जानकारी भी दी। जूरी ने सभी इनोवेशनों का बारीकी से अध्ययन किया। साथ में ही सभी की रैंकिंग भी की।

### कार्यशाला के दौरान उद्यमी टॉक में स्टूडेंट्स ने पूछे सवाल, कंपनी संचालक ने दिए टिप्स

इस कार्यक्रम में सैपियो एनालिटिक्स सहित कई कंपनियों के संस्थापक और एक उद्यम पूंजीपति अश्विन श्रीवास्तव के साथ एक रोमांचक बातचीत भी शामिल थी, जिन्होंने उद्यमिता गतिविधियों पर छात्रों से सवाल लिए। उनके साथ अपनी व्यक्तिगत यात्रा की कहानियों को साझा किया। कार्यक्रम के समन्वयक सीएस ई के विभाग प्रमुख डॉ. सौरद्युति पॉल थे। इस आयोजन के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस पर लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही हैकाथॉन का आयोजन कर इनोवेटिव आइडिया का सलेक्शन किया जा रहा है। ताकि ज्यादा बेहतर तरीके से समाधान तलाशे जा सकें।

### रोजगार के अवसर बनेंगे, आर्थिक निर्भरता आएगी



इस अवसर पर श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकार से किए जा रहे कामों से रोजगार के अवगत बढ़ेंगे। युवा नौकरी के बजाए स्टार्टअप की ओर प्रेरित होंगे। छोटे-छोटे गांवों में बैठककर भी काम किया जा सकेगा। इससे आर्थिक निर्भरता आएगी। देश भी आगे बढ़ेगा। 2047 का जो रोल मॉडल तैयार किया जा गया है, उसका ही यह एक रूप है। इसलिए आईआईटी के स्टूडेंट्स को इस इनवेटिव सेग्मेंट से जोड़ा जा रहा है, जिसका आने वाले समय में खासा फायदा होने वाला है।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# हेमचंद विवि ने जी एम विवि को हराया, तीसरे राउंड में प्रवेश



**भिलाई।** किट यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर उड़ीसा द्वारा आयोजित ईस्ट जोन इंटरयूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता में आज एक तरफ़ा मुकाबले मे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम ने जी एम यूनिवर्सिटी सम्बलपुर उड़ीसा को 10 विकेट से हराकर तीसरे राउंड मे प्रवेश किया। आज टॉस जीतकर पहले खेलते हुए सम्बलपुर यूनिवर्सिटी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाये सम्बलपुर के ओपनर बल्लेबाज अमरनाथ भोई ने 50 गेंदों मे 68 रन की पारी खेला। दुर्ग की ओर से प्रतिक त्रिपाठी ने 30 रन देकर 4 विकेट एवं कप्तान रोहन टांक ने मात्र 12 रन देकर 2 विकेट हासिल किया। 130 रनो के लक्ष्य को हासिल करने उतरी ओपनिंग जोड़ा ने मात्र 8 ओवर मे ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट से मैच जीत लिया। दुर्ग की ओर से दिग्विजय पटेल ने मात्र 31 गेंदों मे 5 चौके एवं 9 छक्के लगाते हुए नाबाद 80 रन एवं गर्व सिंग ने 26 गेंदों मे नाबाद 51 रनो की शानदार पारी खेली। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का अगला मुकाबला कल फ़क़ीर मोहन यूनिवर्सिटी बाला सोर उड़ीसा से होगा।

- इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित

● शबे बराअत पर आज सुबह से शुरू होगा इबादत का सिलसिला, नमाज, दरूद ख्वानी व तकरीर होंगे

# अपने दिवंगत परिजनों को याद करने आज दुआओं में उठेंगे हाथ, मस्जिद और कब्रिस्तान में की रोशनी

**भिलाई।** शबे बराअत के मौके पर 13 फरवरी को शहर का मुस्लिम समुदाय मस्जिदों, घरों और कब्रिस्तान में इबादत करेगा। दुआओं का यह सिलसिला गुरुवार सुबह से शुरू होगा जो देर रात तक जारी रहेगा। कब्रिस्तान हैदरगंज इंतेजामिया कमेटी कैम्प-1 की ओर से इस मौके पर कई आयोजन रखे गए हैं। इस मौके पर कब्रिस्तान इन्तज़ामिया की ओर से साफ-सफाई, रंग रोगन व लाइटिंग का काम पूरा हो चुका है। यहां एक रोज़ा महफ़लि शब-ए-बराअत इमाम-ए-आज़म अबू हनीफ़ा कॉन्फ्रेंस में आलिमे दीन जुटेंगे। शहर की तमाम मस्जिदों और ईदगाह में भी शानदार रोशनी की गई है। कब्रिस्तान के हॉल में गुरुवार की सुबह 8 बजे से कुरआन ख्वानी व दुरूद ख्वानी का सिलसिला शुरू होगा। इसके बाद सुबह 9:30 बजे से फातिहाख्वानी और इज्तेमाई दुआएं होगी। शाम को जलसे की शुरूआत तकरीर व नात से होगी। जलसे में किछौछा शरीफ से सैय्यद मुहम्मद नूरानी अशरफ खास तौर पर शामिल होंगे। नात व मनकबत के लिए मशहूर ओ मारूफ़ सना खां जहीरुद्दीन रहबर रायपुरी और शहर ए भिलाई के तमाम उलमाए कराम मौजूद रहेंगे। निजामत नकीबे आजम छत्तीसगढ़ मौलाना गुलाम मोहिय्युद्दीन रज़वी फरीद नगर करेंगे और सदारत हाफिज व कारी मौलाना इकबाल हैदर अशरफी इमामो-खतीब जामा मस्जिद सेक्टर-6 करेंगे। आयोजन कमेटी ने दोहराया है कि यह प्रोग्राम खालिम रुहानी व दीनी है सियासत ए हाजिरा से इस का कोई ताल्लुक नहीं है।



### शाम की नमाज में भी होगी खास इबादत

जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम हाफिज व कारी इकबाल अंजुम हैदर ने बताया कि शबे बराअत पर शाम की नमाज (मगरिब) के बाद तीन मरतबा सूरए यासीन शरीफ सुनाया जाता है और 2-2 रकअत के साथ नफिल नमाज पढ़ी जाती है। इसके बाद दुआएं की जाती है। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में शाम को मगरिब की अजान शाम 6 बजे होगी। इसके बाद नमाज और इसके ठीक बाद सूरए यासीन सुना जाएगा और लोग नफिल नमाज पढ़ेंगे। शहर की दूसरी मस्जिदों में भी यह आयोजन होगा।

### गुनाहों से बरी होने की रात है शबे बराअत: मौलाना इकबाल

शबे बराअत के आयोजन के बारे में जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमामो खतीब मौलाना मोहम्मद इकबाल अंजुम हैदर अशरफी ने बताया कि शब के मायने रात और बराअत के मायने बरी होने से है। शबे बराअत की रात बहुत बरकतों वाली और अल्लाह को राजी करने वाली होती है। हदीस में आया है कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद (सअव) शबे बराअत में सऊदी अरब के जन्नतुल बकी (एक कब्रिस्तान) में जा कर दुआएं करते थे। उन्ही के रास्ते पर चलते हुए लोग शबे बराअत पर कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम (दिवंगत) परिजनों की कब्र पर दुआएं करते हैं। मौलाना अशरफी ने कहा कि यही वह रात है जब अल्लाह तआला रहमत के 300 दरवाजे खोल देता है और हर उस शख्स को बख्श देता है जिसने उसके साथ किसी को शरीक नहीं ठहराया है। उन्होंने कहा कि इस रात लोग अपने तमाम छोटे-बड़े गुनाहों पर शर्मिंदा होकर अल्लाह की बारगाह में तौबा करें तो उसकी तौबा जरूर कुबूल होती है।



## एजुकेशन लाइव

# वृद्धाश्रम, अनाथालय व बाल आश्रय गृह में विद्यार्थियों ने दी जानकारी




**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विधि संकाय, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय, समाज कार्य विभाग तथा खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित विभागों के विद्यार्थियों द्वारा अपने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम, अनाथालय, बाल आश्रय गृह, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण बोर्ड की संस्था ग्रामीण विकास संस्थान व इंजेक्टबल ड्रग यूनिट तथा जिला बुनकर संघ का अवलोकन विभागीय- शैक्षणिक, प्रायोगिक एवं व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया। विधि संकाय ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें उन्हें वृद्धों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी अधिकारों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई। वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने उन संस्थाओं के प्रबंधन एवं संचालन संबंधी प्रक्रियाओं का अध्ययन किया। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने संस्थाओं से संबंधित व्यक्तियों एवं बच्चों की सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक स्थिति का अध्ययन किया। खाद्य एवं पोषण विभाग के विद्यार्थियों ने संस्थाओं में पोषण आहार संबंधी अध्ययन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। शैक्षणिक भ्रमण में प्राध्यापक डॉ. निशा गोस्वामी, डॉ. निमिषा मिश्रा, सपना पांडे, श्वेता सिंह, आस्था चतुर्वेदी, केकती साहू, पूजा ठाकुर, मेघा, रॉलिक बेंजामिन दास, प्रियंका साहू सहित काफी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## व्याख्यान का आयोजन

# मानसिक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर की चिंता सकारात्मक सोच के महत्व को किया रेखांकित



**भिलाई।** मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विषय पर डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई -3 में विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता मानसिक सलाहकार डॉ जानकी शर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ अश्विनी महाजन ने कहा कि इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने और सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित करने के लिए किया गया है। प्रमुख वक्ता डॉ जानकी शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत गीत गायन से किया। जिसमें उन्होंने अपने आप को सकारात्मक करके युवाओं में उत्साह को बढ़ाया। प्रमुख वक्ता ने अपने संबोधन में मानसिक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हमें अपने समाज में ऐसे लोगों की पहचान करनी चाहिए जो मानसिक तनाव, अवसाद या निराशा के शिकार हैं उन्हें समय पर मदद प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान करने के लिए सरकार, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और समुदाय के सभी हिस्सों को मिलकर काम करना होगा और इसके रोकथाम के लिए जरूरी कदमों और रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ जानकी ने मानसिक तनाव के संकेतों को पहचानने, मदद मांगने के तरीकों और सामाजिक समर्थन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि परिवार और दोस्तों का सहयोग इसके रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और मुख्य वक्ता ने उन सवालों का उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन वनस्पतिविज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ मंजुला गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ ममता सराफ ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान के लिए उनकी सराहना की।

## नई कमेटी का 2 साल तक रहेगा कार्यकाल

# कुलवंत बनी गुरुद्वारा की प्रधान सिख पंचायत की कमेटी होगी गठित



**भिलाई।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाबा बुड्ढा साहिब कोहका के 5 साल पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल द्वारा पूर्व प्रधान सरदार सतवंत सिंह रंधावा को उनकी सेवा के लिए सिरोपाओ की बख्शीश दी गई। गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब कोहका गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान पद के लिए बीबी कुलवंत कौर को सर्व सहमति से नवनिर्वाचित करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में अरदास करने के उपरांत सिरोपाओ की बक्शीश देकर स्वीकृति दी गई। जिसके लिए सिख पंचायत के साथ-साथ सिख संगत द्वारा उन्हें बधाई दी गई। सिख पंचायत महासचिव गुरुनाम सिंह ने बताया कि नई कमेटी का कार्यकाल 2 साल तक रहेगा और दो दिन में सिख पंचायत को कमेटी गठन की लिस्ट सौंपी जाएगी। इस अवसर पर सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, जसबीर सिंह सैनी, बलदेव सिंह, बलजिंदर सिंह कलेर, हरपाल सिंह कमल, सरूप सिंह, बलविंदर सिंह सुपेला, बलविंदर सिंह गुरुनानक नगर, परमजीत सिंह अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## समाज इवेंट

# बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए गुरुवार को लगेगी क्लास



**भिलाई।** गीता पाठ संस्कृत संभाषण मंत्र पाठ एवं संस्कृत परिचर्चा के लिए प्रत्येक गुरुवार गुरुकुल शिक्षा की शुरुआत गणपति विहार दुर्ग में आज से की जायेगी। जिसमें संस्कृत शिक्षक, प्राध्यापक एवं प्रचारक इस प्रकल्प की शरुआत करेंगे। प्रत्येक गुरुवार को शाम 6.15 से 7.15 बजे तक यह कक्षा आरंभ होगी। इन कक्षाओं में बच्चों, युवा, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, सभी को आमंत्रित किया गया है। आयोजन को लेकर की गई पोस्टर विमोचन के दौरान प्रोफेसर जनेंद्र दीवान ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को समझने के लिए संस्कृत बहुत जरूरी है। वर्तमान समय में संस्कृत सिर्फ एक विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है। सेवानिवृत शिक्षक पतिराम साहू ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति ही भारत की पहचान है। गुरुकुल प्रभात आश्रम से पढ़े हुए वैदिक संस्कृति और सनातन परंपरा को जानने वाले आचार्य डॉ अजय आर्य इस कक्षा का संचालन करेंगे। डॉ. अजय आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि संत शिरोमणि पूज्य स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से हम गीता पाठ मंत्र पाठ आदि का शिक्षण, प्रशिक्षण आरंभ करने जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और सनातन भाषा संस्कृत के साथ लोगों को जोड़ने का प्रयास है। इस दौरान संस्कृत के पाठ्यक्रम संस्कृत के व्याकरण आदि की शिक्षा भी दी जाएगी। पोस्टर लांच कार्यक्रम में भूषण देवांगन, श्रीराम देवांगन, हिमांशु झा, जी पी आर साहू, आर के गुप्ता, आर एस सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा

# आश्रय स्थल पर बजुर्गों और असहाय लोगों के साथ गेम खेलकर बिताएं पल, महसूस किया दर्द

### कार्नर न्यूज

### डिसेबल बच्ची के चेहरे में दिखी खुशियां

**भिलाई।** अखिल भारतीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के तत्वावधान में सेवा कार्यो की कड़ी में माघी पूर्णिमा के अवसर पर गरीब निराश्रित बुजुर्गो, महिलाओं एवं बच्चों को जरुरत के सामान व कपड़े वितरण किये गए। यह कार्यक्रम प्रियदर्शनी नगर स्थित आश्रय स्थल पर जाकर किया गया। इस दौरान सभी सदस्याओं ने बुजुर्गो के साथ बैठकर बातचीत कर समय बिताया और कुछ गेम खेलकर उनका मनोरंजन भी किया। वीरांगना ग्रुप की महिलाओं ने आश्रय स्थल जाकर वहां की दिनचर्या और व्यवस्थाएं देखी। हर एक बुजुर्ग से बात कर उनकी समस्याएं सुनी।





### असहायों की स्वास्थ्य शिविर में होगी जांच

वीरांगना ग्रुप की जिला अध्यक्ष ललिता सिंह ने बताया कि यह स्थान कई असहाय लोगो के रहने के लिए आश्रय स्थल के रुप में बेहतर विकल्प है। उन्होंने बताया कि पहली बार सभी सदस्याओं ने आकर यहां रह रहे लोगो के बारे में जाना और उनका बर संभव मदद करने की बातें कही। कुछ घर से निष्कासित महिलाएं और कुछ बीमारी से पीड़ित भी मिले जिनके लिए ग्रुप की महिलाएं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर उसका निराकरण करेंगी।



### हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

साथ ही एक मानसिक विकलांग बच्ची की मां नही होने और पिता द्वारा छोड़ दिये जाने के चलते अपनी दादी के साथ रहकर स्नेह संपदा स्कूल में पढ़ाई भी कर रही है। उसकी दादी बच्ची को पालते हुए आसपास के कुछ घरों में काम कर अपना जीवनयापन कर रही है जिसे देखते हुए ग्रुप की महिलाओं ने बच्ची को पढ़ाने आदि की हर संभव मदद करने का आश्वासन उस बच्ची की दादी को दिया। आश्रम में रह रहे पुरूषों और बुजुर्गो का भी हाल-चाल पूछा गया।

इस सेवाकार्य के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष किरन सिंह, जिला अध्यक्ष ललिता सिंह, पुष्पा सिंह, संध्या सिंह, दुर्गश राठौर और रेखा बघेल सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट में खेलेंगे उत्कर्ष-हिमांशु



**रायपुर।** एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बिलासपुर के दो क्रिकेट खिलाड़ी उत्कर्ष जायसवाल और हिमांशु जोगी का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि यह प्रतियोगिता 12 से 20 फ़रवरी तक कलिंगा इंस्टिट्यूट इंडस्ट्रियल ऑफ़ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी भुनेश्वर की मेजबानी आयोजित है। खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, इंजिनिरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉक्टर रितेश जैन, प्राचार्य डॉक्टर संदीप शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल आदि ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय रग्बी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे टिकेश्वरी और जाह्नवी



**रायपुर।** सब जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन मध्य प्रदेश के ग्वालियर मे 11 से 16 फरवरी तक किया गया है। रग्बी प्रशिक्षक एवं व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर् राव ने बताया कि स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसदा बेमेतरा जिले से टिकेश्वरी निर्मलकर और जाह्नवी पाल का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे हुआ है, जो छत्तीसगढ़ प्रदेश की सब जूनियर बालिका टीम मे शामिल हो रहे हैं। इनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के आधार पर हुआ है। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा तथा क्षिप्रा सरकार, व्यायाम शिक्षिका रामेश्वरी साहू, संध्या परगनिहा, बलिराम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, तेजस्विनी पवन डहरिया, आकाश वर्मा, पंकज वर्मा, अभिषेक, करण, आदित्य कृष्णा तारकेश्वर, दिलीप वर्मा, मानचंद निर्मलकर और संकुल समन्वयक दीपक आडिल ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** भारतीय तीरंदाज़ी संघ द्वारा 44 वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप बालक एवं बालिका का आयोजन 10 से 17 फरवरी तक बोलपुर पश्चिम बंगाल में किया जा रहा है। जिसमें महासमुंद जिले के 05 बालिका एवं 02 बालक सहित कुल 07 तीरंदाजी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के इंडियन, रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में हुआ है। जिसमें बालिका वर्ग कम्पाउन्ड राउंड में नवलीन कौर एवं पद्मा साहू, बालिका रिकर्व राउंड में सत्यभामा साहू, बालिका इंडियन राउंड में जया साहू एवं चांदनी साहू तथा बालक इंडियन राउंड में कमलेश साहू एवं तोरण यादव पिता नेतराम यादव शामिल हैं।

सभी खिलाड़ियों ने बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा से अपनी तीरंदाजी खेल की शुरुआत डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, पिरित साहू के द्वारा किया गया, जहां से नियमित खेल अभ्यास, खेल कौशल का विकास करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होकर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं। जिले के खिलाड़ी राज्य स्तरीय अकादमी बिलासपुर, रायपुर, साईं सेंटर रायपुर एवं महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर रहे हैं।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप पश्चिम बंगाल में शामिल होने एवं अच्छे खेल प्रदर्शन करने हेतु भारतीय तीरंदाज़ी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, प्रदेश सचिव आयुष मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, दीपक मंडावी, जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, प्राचार्य एकलव्य आदर्श विद्यालय भोरिंग महेंद्र टंडन, खेल प्रशिक्षक बाल आश्रम बिहाझर पिरित साहू, संजय पटेल, सोमनाथ साहू, ऋषि कपूर साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई, रिंकल बग्गा, प्रशिक्षक हीरू राम साहू, संदीप, बिंदेश्वरी, दुर्गेश नंदनी, रंजीत कौर, भोज राम साहू, खेलो इंडिया सेंटर भोरिंग महासमुंद के सभी खिलाड़ी, बॉल आश्रम बिहाझर के सभी खिलाड़ी व समस्त स्टॉफ ने शुभकामनाएं दी है।

## बुधवार को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, अब तक 18 पदक हासिल

# राष्ट्रीय खेलों में जिमनास्टिक और निशानेबाजी में चांदी जीत लाए छत्तीसगढ़ के नवीन-परम

**रायपुर।** उत्तराखंड में चल रहे 38 वे राष्ट्रीय खेल में 16वां दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक रहा। बुधवार को छत्तीसगढ़ के अदारी नवीन साईं ने जिम्नास्टिक्स के स्टील रिंग इवेंट में रजत पदक एवं परमपाल सिंह ने निशानेबाजी (शूटिंग) के स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक पर प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ने 38वीं राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 04 रजत पदक एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 18 पदक प्राप्त किए है।

देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित जिम्नास्टिक्स इवेंट में छत्तीसगढ़ के अदारी नवीन साईं ने आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स के स्टील रिंग में 12.833 अंक हासिल करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया । साईं ने जिम्नास्टिक्स के क्वालिफिकेशन राउंड में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर बेस्ट 8 में अपनी जगह बनाई। जिसके बाद बुधवार 12 जनवरी को अप्रेट्स फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। ए नवीन साईं ने स्कूल नेशनल, सीनियर नेशनल जैसे कई प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दे चुके है। रुद्रपुर में आयोजित निशानेबाजी (शूटिंग) प्रतियोगिता के स्कीट इवेंट में छत्तीसगढ़ के परमपाल सिंह (रायपुर जिला) ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग के स्कीट इवेंट में 51 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। परमपाल सिंह ने क्वालिफिकेशन राउंड के प्रथम राउंड में 23 दूसरे राउंड में 23 तीसरे राउंड में 23 चौथे राउंड में 24 एवं पांचवे राउंड में 24 अंक सहित कुल 117 अंक हासिल करते हुए फाइनल में क्वालीफाई किया। फाइनल में परमपाल सिंह ने 51 अंक हासिल करते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। राजस्थान के अनंतजीत सिंह नरूका ने 56 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक एवं पंजाब के भावतेग सिंह गिल ने 42 अंक हासिल कर कांस्य पदक प्राप्त किए।



### छत्तीसगढ़ महिला मलखंब टीम ने जीता कांस्य पदक

उत्तराखंड में चल रहे 38 वें राष्ट्रीय खेल में 15 वें दिन बुधवार को छत्तीसगढ़ महिला मलखंब टीम ने तीसरे स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक पर कब्ज़ा किया। छत्तीसगढ़ ने 38वीं राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक, 02 रजत पदक एवं 09 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक प्राप्त किए है। वन चेतना इंडोर स्टेडियम चकरपुर, खटिमा में मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक किया गया है। मलखम्ब प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तराखंड के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। प्रथम दिन के खेल में रोप व पोल मलखंब पर छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 80.05 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहते छत्तीसगढ़ के लिए 16वा कांस्य जीता। महिला वर्ग में संताय पोटाई (नारायणपुर), मोनिका पोटाई (नारायणपुर), दुर्गेशवरी कुमेटी (नारायणपुर), अनिता गोटा (नारायणपुर), सरिता पोयम (नारायणपुर ) और शिक्षा दिनकर (जांजगीर-चाम्पा) शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक मनोज प्रसाद, प्रेमचंद शुक्ला एवं प्रबंधक श्रीमती शांति साहू है।



खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं



उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ मल्लखम्ब एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला एवं महासचिव डॉ. राजकुमार शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बधाई दी है।



# जानिए हैंडस्टैंड पुश-अप्स करने का सही तरीका, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

मौजूदा समय में एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी काम माना जाता है। आजकल अधिकतर लोग बैठकर काम करने की आदत में हैं, जिससे मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित एक्सरसाइज से इन बीमारियों का जोखिम कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी एक्सरसाइज करने से बहुत सारे फायदे होते हैं।

### एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी

फिट रहना किसी भी व्यक्ति के लिए जरूरी है। एक्सरसाइज से शरीर मजबूत और लचीला बनता है, जो उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याओं को कम करता है और ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है। एक्सरसाइज से नींद में सुधार होता है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अच्छे से सोने से शरीर ठीक से रिकवर कर पाता है और अगले दिन के लिए ताजगी महसूस होती है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप क्या है?

हैंडस्टैंड पुश-अप एक बॉडीवेट एक्सरसाइज है जो कंधों, हाथों, और सीने की ताकत को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह पुश-अप का एक वर्शन है, जिसे आप अपने हाथों के बल किए हुए करेंगे और शरीर को उल्टा रखेंगे। इस एक्सरसाइज में शरीर का वजन कंधों और बाहों पर आता है, जो कंधे और कोर को मजबूत करने में मदद करता है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप करने का सही तरीका



हैंडस्टैंड पुश-अप करने के लिए सबसे पहले, एक दीवार के पास खड़े हो जाएं। इससे आपको स्थिरता मिलेगी। अब अपने पैरों को दीवार पर रखें और हाथों से जमीन पर सपोर्ट लें। सुनिश्चित करें कि आपके हाथ कंधे के नीचे और आपके शरीर की सीध में हों। आपके पैरों की ऊँचाई दीवार पर कम से कम होनी चाहिए, ताकि आप उलटे खड़े हो सकें।

### पोजिशन को ध्यान में रखना जरूरी

धीरे-धीरे अपने पैरों को दीवार पर रखें और शरीर को सीधा रखते हुए हाथों पर खड़ा हो जाएं। इस पोजीशन में आपके शरीर का पूरा वजन आपके हाथों और कंधों पर होगा। अब, धीरे-धीरे कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को नीचे की ओर लाएं। कंधों के पास कोहनियों को बाहर की ओर फैलाने की कोशिश करें, और शरीर को नियंत्रित रखते हुए नीचे की ओर लाएं।

### इन बातों का रखें ख्याल

शुरुआत में दीवार का सहारा लेना बेहतर होता है, क्योंकि यह संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। समय के साथ आप बिना दीवार के भी यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। शुरू में धीमे और सावधानी से करें। जल्दबाजी में या गलत तकनीक से चोट लगने का खतरा हो सकता है। इसे नियमित करने से कंधे, ट्राइसेप्स, और हाथों की ताकत बढ़ती है।



# नवविवाहिता को उपहार में दें फोलिक एसिड की गोलियां

**रायपुर।** आजकल शिशुओं के जन्म के साथ ही इसमें पीलिया से लेकर तमाम अन्य लोगो की लम्बी फेहरिस्त पाई जा रही है। हालांकि अधिकांश जन्मजात पीलिया का उपचार सिर्फ सूरज की किरणों से ही सम्भव है लेकिन एनोरेक्टल विकृतिया, हर्निया या हाइड्रोसिल, ट्रैकियों इसोफेजियल फिस्टुला और गैस्ट्रोस्किसिस जैसी विसंगतियां तत्काल सर्जरी से ही दूर हो सकती है । वहीं, अधोमूत्रमार्गता या हाइपोस्पेडिया, मरोड़ वृषण या अंडकोष ऐंठन, एम्पाइमा, लिवर एब्सेस, अपेंडिसाइटिस, परफोरेशन, थाइरोग्लोसल सिस्ट, हर्षप्रुंग डीजीज, पोस्टीरियर यरेथरल वाल्व, टंग टाई, डरमाइड, टेराटोमा, मेनिंगोसील, हीमैन्जीयोमा और पित्ताशय की पथरी जैसे रोगो का उपचार भी सर्जरी ही है जिसे शिशु के जन्म से लेकर कुछ वर्ष बाद तक भी संपन्न किया जा सकता है।

यह जानकारी देते हुए अष्टविनायक हॉस्पिटल आमासिवनी रायपुर के नवजात एवं शिशु सर्जरी विभाग के प्रमुख डा. रितेश रंजन ने बताया कि एनोरेक्टल विकृति में शिशु के गुदा एवं मलाशय का ठीक से विकास नहीं हो पाता जिसे सर्जरी के जरिये ठीक किया जा सकता है । वहीं, हाइपोस्पेडिया से पीड़ति शिशु (बालक) का उपचार भी सर्जरी है जिसे समान्यतः 2 वर्ष की आयु तक करा लेना चाहिये।

### कैसे पाएं स्वस्थ व शारीरिक विसंगति मुक्त बच्चा

डा. रंजन ने बताया कि स्वस्थ और विसंगति मुक्त शिशु के लिए गर्भवती महिला के शरीर में फोलिक एसिड पर्याप्त मात्रा में होना आवश्यक है । इसके लिए वह तीन महीने लगातार 5 एमजी की गोली खाएं । साथ ही हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करें । फोलिक एसिड बच्चों के जन्म के बाद दो साल तक लिया जा



सकता है। वहीं, बुखार होने पर सिर्फ पेरासिटामोल की गोली और एंटीबायोटिक दवा के तौर पर एमोक्सीसिलिन के अलावा कोई अन्य दवा ना लें। इसके अलावा किसी भी रोग की जाँच के लिये अपना एक्स-रे ना करायें । यह सावधानी बरतने से शिशु में विसंगतियां नहीं होगी यदि संभव हो तो नवविवाहिता को उपहार स्वरूप फॉलिक एसिड की गोलियां दी जा सकती है।

### स्वस्थ शिशु के लिये गर्भधारण के पहले करायें टॉर्च टेस्ट

डा. रंजन ने बताया कि गर्भधारण करने से पहले महिला को टॉर्च टेस्ट कराना चाहिए । यह टेस्ट चार तरह के संक्रमणों के बारे में जानकारी देता है जिसमें टोक्सोप्लाज्मा, रूबेला, साइटोमेगालोवायरस, हर्पीज शामिल शामिल है । टॉर्च परीक्षण रक्त परीक्षण का समूह है जो उन संक्रमण की जांच करने में मदद करता है जो गर्भावस्था के दौरान अजन्मे बच्चे को संभावित रूप से नुकसान पहुंचा सकते है । गर्भवती महिला में ये संक्रमण नवजात शिशु में गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकते है, इसलिये जितनी जल्दी हो सके उनका पता लगाना और उनका इलाज करना महत्वपूर्ण है । प्रेगनेंसी के दौरान टॉर्च इंफेक्शन की वजह से मिसकैरेज हो सकता है। शिशु को जन्मजात रूबेला सिंड्रोम के अलावा मेनिनजाइटिस, एनीमिया और निमोनिया भी हो सकता है । बच्चों में ऑपरेशन संबंधित बीमारियों के लिये विशेषज्ञ पीडियाट्रिक सर्जन का चुनाव करें।

# किराए के मकान में रहते हुए न करें ये भूल

कई बार किराए के मकान में रहते हुए कुछ ऐसी वास्तु से जुड़ी भूल लोग कर बैठते हैं जिसके कारण उनका अपना घर बनने में देरी होने लगती है और अनेकों बाधाएं पैदा होती जाती हैं।



### किराए के मकान के लिए वास्तु टिप्स

सबसे पहले किराये के मकान में रहने वाले लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि अगर आप जिस घर में रह रहे हैं वहां आपके साथ घर का मालिक या मालकिन भी रहते हैं तो ऐसे में वास्तु दोष सिर्फ आपकी गलती के कारण ही नहीं बल्कि घर के ओनर के कारण भी पैदा हो सकता है जिससे नुकसान आपका और घर के मालिक/मालकिन दोनों का हो सकता है।

वहीं, अगर आप किराये के मकान में अकेले रहते हैं तो ऐसे में वास्तु से जुड़ी बातों का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि वह घर भले ही किसी और का हो लेकिन उसमें रखी वस्तुओं का इस्तेमाल आप कर रहे हैं। किराए के घर में कभी भी लकड़ी के दरवाजे नहीं होने चाहिए। हमेशा स्टील धातु से बना दरवाजा लगवाना चाहिए नहीं तो इससे घर की बरकत रुकती है। असल में लकड़ी खराब हो जाए या घुन लग जाए उसमें तो ऐसी लकड़ी के दरवाजे नकारात्मक ऊर्जा को घर में प्रवेश देते हैं और सकारात्मकता को रोक लेते हैं। ऐसे में स्टील के दरवाजे लगाना शुभ माना गया है। वहीं, किराए के मकान को बुरी शक्तियां जल्दी प्रभावित करती हैं। ऐसे में रोजानाशामा के समय कपूर या लोबान जलाकर उसका धुआं घर के हर एक भाग में करें। जहां एक ओर टूटा-फूटा सामान अपने घर में भी रखना अशुभ माना गया है वहीं, किराए के घर में बेकार टूटा हुआ सामान रखना और भी नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

## कार्नर न्यूज

## दुनिया भर में बॉडी बिल्डरों को हार्ट अटैक के मामले बढ़े

# बॉडी बिल्डरों को होता है हार्ट अटैक का अधिक खतरा समय रहते एहतियात बरत कर रह सकते हैं सेहतमंद

बेलारूस के इलिया 'गोलेम' येफिमचिक (Illia yefimchyk) जिन्हें दुनिया के सबसे विशाल बॉडीबिल्डर के रूप में जाना जाता था, का 36 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्हें 6 सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वे कोमा में चले गए। कुछ दिनों बाद, 11 सितंबर को उनका निधन हो गया।

इलिया 'गोलेम' येफिमचिक दुनिया के सबसे ताकतवर इंसान थे। 6 फीट 1 इंच लंबे थे। उनका वजन 340 पाउंड (लगभग 154.221 किलोग्राम) था। इलिया येफिमचिक के रोजाना के भोजन में सुशी के 108 पीस और 2.5 किलोग्राम स्टेक (गोश्त) शामिल था।

उन्होंने अपने 25-इंच के बाइसेप्स को बनाए रखने के लिए सख्त डाइट का पालन किया, जिसमें वे रोजाना लगभग 16,500 कैलोरी का सेवन करते थे। वे दिन भर में सात बार खाना खाते थे। उनके खाने में पांच पाउंड से ज्यादा स्टेक और 100 से ज्यादा सुशी के टुकड़े शामिल होते थे।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्होंने पहले बताया था कि वह 273 किलो बेंच प्रेस, 318 किलो डेडलिफ्ट और 318 किलो स्क्वाट कर सकते हैं। लेकिन हम यहां इलिया के निधन की नहीं बल्कि एक जरूरी चीज की चर्चा करने जा रहे हैं ।



### एनाबॉलिक स्टेरॉइड्स

एक मुख्य कारण जो बॉडीबिल्डर्स में दिल के दौरे या हृदय संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है, वह है एनाबॉलिक स्टेरॉइड्स का उपयोग। लंबे समय तक और अत्यधिक मात्रा में स्टेरॉइड्स का सेवन गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकता है। स्टेरॉइड्स से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, कोलेस्ट्रॉल के स्तर में गड़बड़ी हो सकती है, रक्त के थक्के बन सकते हैं, और हृदय की संरचना और कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इन प्रभावों से दिल के दौरे, स्ट्रोक और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

### कठोर ट्रेनिंग रूटीन

बॉडीबिल्डर्स अक्सर भारी वजन उठाने, अधिक मात्रा में वर्कआउट और गहन कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज वाली कठोर ट्रेनिंग फॉलो करते हैं। हालांकि व्यायाम सामान्य रूप से दिल के लिए अच्छा होता है, लेकिन अत्यधिक और लंबे समय तक इसका दबाव हृदय पर पड़ सकता है। भारी वजन उठाने या लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाले व्यायाम करने पर शरीर की प्रतिक्रिया से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, हृदय की संरचना में बदलाव हो सकते हैं, और समय के साथ यह दिल की समस्याओं का कारण बन सकता है।



### गलत पोषण

बॉडीबिल्डर्स का आहार अक्सर बहुत सख्त होता है, जिसमें असंतुलित भोजन शामिल हो सकता है ताकि वे अपने शरीर के लक्ष्य तक पहुंच सकें। कुछ बॉडीबिल्डर्स अत्यधिक मात्रा में प्रोटीन का सेवन करते हैं और प्रतियोगिताओं से पहले वजन घटाने के लिए कठोर उपाय अपनाते हैं। ये प्रथाएं दिल पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। अत्यधिक प्रोटीन से किडनी पर जोर पड़ता है, जिससे शरीर में तरल संतुलन और ब्लड प्रेशर में गड़बड़ी हो सकती है। कठोर वजन घटाने के तरीके, जैसे अत्यधिक कैलोरी की कमी या शरीर को पानी से वंचित करना, इलेक्ट्रोलाइट्स और रक्त की मात्रा में असंतुलन पैदा कर सकते हैं, जिससे हृदय को सही ढंग से काम करने में कठिनाई हो सकती है।

### पानी की कमी

प्रतियोगिताओं की तैयारी में बॉडीबिल्डर्स अक्सर खुद को जानबूझकर पानी से वंचित कर देते हैं ताकि उनकी मांसपेशियां अधिक उभरी हुई और पतली दिखें। निर्जलीकरण से खून गाढ़ा हो जाता है, जिससे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है। दिल को सामान्य रूप से खून को पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हृदय संबंधी जटिलताएं हो सकती हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कान्ये ने एक्स को कहा अलविदा, आखिरी पोस्ट में एलन मस्क को दिया धन्यवाद



पिछले कुछ दिनों से यहूदी विरोधी, स्त्री द्वेषी और नस्लवादी टिप्पणियों के बाद मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट का एक्स अकाउंट निष्क्रिय हो गया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि रैपर ने खुद अपना अकाउंट बंद किया है या फिर एक्स की तरफ से इसे बंद किया गया है।

अकाउंट बंद होने से पहले कान्ये वेस्ट ने एक्स के मालिक एलन मस्क का आभार व्यक्त किया था। उन्होंने लिखा, ₹मैं अब ट्विटर से लॉग आउट कर रहा हूं। मैं एलन का आभारी हूं कि उन्होंने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया। दुनिया को एक साउंडिंग बोर्ड के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही सुखद रहा है।₹ यह घटनाक्रम तब हुआ जब वेस्ट ने सुपर बाउल के दौरान टेलर स्विफ्ट पर टिप्पणी की। स्विफ्ट इस इवेंट में अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से का समर्थन करने आई थीं। कान्ये वेस्ट ने इस बारे में टिप्पणी करते हुए कहा, ₹अगर यह संस्कृति के बारे में है तो हम टेलर स्विफ्ट को टीवी पर एक अश्वेत व्यक्ति को नीचा दिखाने वाला गाना गाते हुए और ऐसी चीजों का आरोप लगाते हुए क्यों देख रहे हैं, जो अश्वेत व्यक्ति को जीवन भर के लिए नीचा दिखा सकती हैं।₹ इसके अलावा कान्ये वेस्ट ने कई बार एक्स पर विवादित और नफरत भरी पोस्ट्स साझा की थीं। उन्होंने खुद को 'नाजी' कहा और यौन तस्करी के आरोपों में जेल में बंद संगीत जगत के दिग्गज शॉन पी. डिडी को रिहा करने की अपील की थी। इसके अलावा उन्होंने नाजिवाद का प्रचार करने वाले कपड़े अपने आधिकारिक वेबसाइट पर बिक्री के लिए लगाए थे।

### टॉलीवुड

## हॉरर और थ्रिलर भरी है 'अगथिया' की कहानी, बड़े परदे पर देखने का इंतजार




जीवा, अर्जुन सरजा और राशि खन्ना अभिनीत दक्षिण भारतीय फिल्म 'अगथिया' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार फैंस काफी समय से कर रहे थे। ट्रेलर में कई सारे एक्शन और शानदार दृश्य भी शामिल हैं। ट्रेलर से फिल्म में कुछ छिपे रहस्यों का अंदाजा लग रहा है। फिल्म 'अगथिया' के ट्रेलर में ही हॉरर कहानी की झलक दिखाई देती है। इसमें एक हवेली दिखाई गई है, जिसमें 120 साल पहले मरी हुई आत्माओं का वास है। फिल्म में पांडिचेरी की भी झलक देखने को मिलने वाली है। ट्रेलर में कई सारे विदेशी कलाकार भी नजर आने वाले हैं। फिल्म की कहानी एंजल और डेविल्स के बीच घूमती दिखती है। फिल्म निर्माता अनीश अर्जुन देव और डॉ इशारी के गणेश ने कहा, "यह फिल्म एक फैंटसी, हॉरर और थ्रिलर फिल्म है जो दर्शकों के सामने एक रहस्य और रोमांच के जरिए मनोरंजन के नए दरवाजे खोलने जा रही है। हमारी फिल्म आम हॉरर फिल्मों से बहुत अलग होगी,जो दर्शकों को एंटरटेनमेंट का एकदम नया स्वाद परोसने को तैयार है। फिल्म दर्शकों के सामने हॉरर, फैंटेसी और थ्रिलर की नई परिभाषा पेश करने वाला सिनेमा प्रस्तुत करेगी।"

प्रसिद्ध गीतकार से निर्देशक बने पा. विजय ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। फिल्म 'अगथिया' 28 फरवरी 2025 को रिलीज होने वाली है। फिल्म में फेंटसी, हॉरर और थ्रिलर जॉनर की मिली जुली कहानी देखने को मिलने वाली है। फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ साथ हिन्दी में भी बड़े स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर अभिनेता योगी बाबू, ऐक्टर ऐडवर्ड सोनेनब्लिक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### भोजपुरी

## वैलेंटाइन डे पर रानी देंगी फैंस को तोहफा जल्द आने वाली 'प्रिया ब्यूटी पार्लर'



भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'प्रिया ब्यूटी पार्लर' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वे पार्लर वाली की भूमिका अदा कर रही हैं। अभिनेत्री ने इस फिल्म के ट्रेलर पर अपडेट शेयर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह सूचना फैंस के साथ साझा की है और बताया है कि फिल्म का ट्रेलर वैलेंटाइन डे पर आने वाला है। रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'एक जरूरी सूचना'। पोस्ट के साथ साझा वीडियो में वे कहती दिख रही हैं, 'नमस्कार क्या हालचाल बा? मैं बहुत उत्साहित हूं, क्योंकि 14 फरवरी आ रही है। 14 फरवरी वैलेंटाइन है, इसलिए उत्साहित नहीं हू, क्योंकि वैलेंटाइन डे से मेरा कोई लेना-देना है नहीं काफी टाइम से'। उन्होंने आगे कहा है, 'मैं आपको बता दूं कि 14 फरवरी को मेरी फिल्म का ट्रेलर आ रहा है। इस फिल्म का नाम है 'प्रिया ब्यूटी पार्लर'। पहली बार मैंने ब्यूटीशियन का रोल निभाया है। बहुत ही दिलचस्प कहानी है। ट्रेलर देखकर आपको पता चल जाएगा। आप लोग समय निकालकर जरूर देखिएगा। उम्मीद है आपको जरूर पसंद आएगा'। रानी ने कहा कि यह इस साल की उनकी पहली रिलीज है।

रानी चटर्जी के इस पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'साल की पहली फिल्म के लिए हार्दिक शुभकामनाएं'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आपकी फिल्म का इंतजार है'। कुछ यूजर्स रानी के लुक्स की तारीफ करते दिख रहे हैं।

## डैनियल का जलवा

मशहूर मॉडल डैनियल अपनी मुखरता के लिए चर्चित रही हैं। हाल ही में उन्होंने ट्विटर पर अपनी अदाएं बिखेरते हुए जबरदस्त टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा, ₹मैं एक महत्वाकांक्षी फैशन स्टाइलिस्ट और ब्लॉगर हूँ। मैं कहूँगी कि मेरी शैली ठाठदार और आकर्षक है। मुझे अलग-अलग शैलियों को एक में मिलाना पसंद है..."... और असामान्य प्रिंट और रंग संयोजन का उपयोग करना पसंद है। मुझे विंटेज/थ्रिफ्टेड कपड़े लेना पसंद है...।" उनकी इस टिप्पणी को फैंस पसंद कर रहे हैं।




## डार्क सर्कल के लिए घर पर तैयार करें ये खास क्रीम, जानें बनाने का तरीका

अगर आप भी आंखों के नीचे होने वाले डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इस घरेलू नुस्खे को जरूर अपनाना चाहिए। इससे आपको काफी फायदा देखने को मिलेगा।

### जानें ब्यूटी एक्सपर्ट की राय

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक चेहरे की खूबसूरती को खराब करने में डार्क सर्कल्स का बड़ा योगदान होता है। आंखों के नीचे होने वाले इन काले घेरे से बचने के लिए आप घर पर रह कर इस खास जेल को बना सकती हैं। इस जेल को आंखों के नीचे लगाने से आपके डार्क सर्कल्स तो काम होंगे ही साथ ही आपकी स्किन को ठंडक मिलेगी, कलापन दूर होगा और आंखों के नीचे होने वाली खुजली, जलन से राहत भी मिलेगी। इस जेल को बनाने के लिए सबसे पहले सामग्री को इकठ्ठा कर लें। आइए जानते हैं इसकी सामग्री के बारे में।

### जानें बनाने का तरीका

एक्सपर्ट के मुताबिक इस खास अंडर आई क्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले आपको ताजे एलोवेरा जेल को एक कटोरी में निकाल कर इसमें कुछ बून्द गुलाब जल की मिला तक इस जेल को तैयार करना हैं, फिर इसे 10 मिनट के लिए रख कर रात में सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे जहां पर काले घेरे हैं, वहां इसे लगाना है।



### इन बातों का रखें ध्यान

ध्यान रहे इसे लगाते समय आपको अपनी आंखों को बचाते हुए इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि अगर गलती से ये आपकी आंख में चला गया तो इससे आपको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। आप इस जेल को डार्क सर्कल्स पर रोजाना रात में सोने से पहले लगा सकती हैं। ऐसा आपको कम से कम एक से दो हफ्ते तक रोजाना करना चाहिए।

## पार्टी में सभी का रंग पड़ जाएगा फीका, जब स्टाइल करेंगी ये गाउन




शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, शादी के बाद होने वली रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे।

इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेट वाला गाउन भी आप रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं और यह गाउन आपको कई सारे कलर और वर्क आप्शन के साथ 3,000 से 6,000 रुपये में मिल जाएगा।

## अपने पार्टनर को दें ये ऑक्सीडाइज्ड ब्रेसलेट, हाथों की बढ़ जाएगी सुंदरता

पार्टनर को सरप्राइज करने का प्लान है, तो ऐसे में आप कुछ अलग तरह की एक्सेसरीज को गिफ्ट करें। जिसे वियर करके आपका पार्टनर खुश नजर आए।

### घुंघरु डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर पार्टनर के हाथों की सुंदरता को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऐसे में आप घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट हाथों में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसे आपकी पार्टनर बाद में किसी और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आगे की तरफ काफी सारे घुंघरु होते हैं। इसे पीछे दबाकर सेट किया जाता है। इसलिए ये हर किसी के हाथों में आसानी से आ जाते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट मार्केट में आसानी से मिल भी जाते हैं।

### सिंपल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी हर रंग के साथ अच्छी लगती है। ऐसे में आप अपने पार्टनर को वेलेंटाइन डे पर गिफ्ट करने के लिए इन ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें छोटे-छोटे डिजाइन दिए होते हैं। इससे ब्रेसलेट हर ज्वेलरी के साथ पेयर हो जाता है। हाथों में पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप चाहें तो पेयर में भी गिफ्ट कर सकते हैं।



### स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप पार्टनर को खुश करने के लिए स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह का ब्रेसलेट वेस्टर्न आउटफिट के साथ काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप इसे चाहें तो किसी भी ड्रेस के साथ पेयर करके वियर कर सकते हैं। इसे पहनने के बाद आपको हाथों में किसी और चीज को पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे ही, आपका लुक अच्छा लगगेगा।

## रातभर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर रखने का है जोखिम, आप भी जानिए

ओवरनाइट चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से त्वचा हाइड्रेट और कोमल बनी रहती है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से ड्राईनेस, चिपचिपाहट या स्किन इरिटेशन भी हो सकती है। जानें इससे जुड़े कुछ फायदे और सावधानियां।

ग्लिसरीन के प्रयोग को डर्मेटोलॉजिस्ट भी अच्छा मानते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि हर तरह की स्किन टाइप पर इसका प्रयोग किया जा सकता है। मगर क्या इसे रात भर के लिए चेहरे पर लगाकर सोया जा सकता है? इस विषय में हमारी बात डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से हुई है। वह कहते हैं, ₹नहीं, रात में सोने से पहले आपको चेहरे डीप क्लीन और मॉइश्चराइज करना है। ग्लिसरीन बेशक स्किन के लिए अच्छी मानी गई है, मगर त्वचा पर इसकी उपस्थिति 30 मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह एक केमिकल फॉर्मुला है। रातभर या अत्याधिक मात्रा में यदि आप इसे चेहरे पर लगाती हैं, तो इसके बुरे परिणाम भी आपको देखने पड़ सकते हैं।



### क्या है ग्लिसरीन?

यह एक कार्बनिक यौगिक है। यह आपको जानवरों के फैट और वेजिटेबल से निकले तेल में मिलता है। इसमें न तो रंग होता है और न ही कोई खुशबू होती है। इसे त्वचा पर लगाया भी जा सकता है और खाया भी जा सकता है। यह त्वचा को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी त्वचा चमकदार भी बनती है और ड्राईनेस भी कम होती है।

कार्नर न्यूज

### स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी

## भीड़ में दिखना है अलग, ट्राई कीजिए कुछ खास और बेहतरीन आउटफिट्स

सर्दी की विदाई के मौसम में स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी होता है। इसके लिए ब्लेजर, स्वेटशर्ट, स्टाइलिश हूडी और जॉगर्स जैसे कपड़े बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पार्टी में जाते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पार्टी में एक शानदार लुक पाने के लिए बेहतरीन आउटफिट का होना अहम है।

### पार्टी में पहने इस तरह के कपड़े

अगर आप युवा हैं तो फॉर्मल ड्रेस की बजाय कैजुअल और आरामदायक कपड़े पहनना अच्छा रहेगा। हालांकि, ध्यान रखें कि चमकदार रंगों से बचें, क्योंकि ये पार्टी के माहौल के हिसाब से अधिक जंचते नहीं। इसके बजाय, सादे और हल्के रंगों के कपड़े, जैसे कि ग्रे, ब्लैक या डार्क ब्लू, आपको एक स्टाइलिश और कंटेम्परेरी लुक देंगे, जो ठंड में भी आरामदायक रहेगा।



### ऐसे बन सकते हैं स्मार्ट और स्टाइलिश

जश्न में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्लेन स्वेटर और ब्लेजर का कॉम्बिनेशन बेहद स्टाइलिश और आरामदायक होता है। कैजुअल पैंट और ब्रोग्स शूज के साथ ये लुक एकदम परफेक्ट है, क्योंकि यह आपको स्मार्ट और रिलैक्स दोनों ही लुक देता है।

ये आउटफिट न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि बहुत ही क्लासी भी लगता है, जिससे आप पार्टी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### डेनिम जैकेट निखारेगा आपका लुक

पार्टी में अगर आप कम ठंड में भी कूल और स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यह लुक बिल्कुल आपके लिए है। डेनिम जैकेट के नीचे एक सिंपल टी-शर्ट, आरामदायक जॉगर्स और कैजुअल स्नीकर पहनकर आप एक बेहतरीन और स्मार्ट लुक पा सकते हैं।

### ट्राई कर सकते हैं फॉर्मल लुक

फॉर्मल लुक एक ऐसी स्टाइल है, जो न केवल प्रोफेशनल माहौल में, बल्कि पार्टीज और इवेंट्स में भी बहुत अच्छा लगता है। फॉर्मल पैंट, शर्ट, कोट और ऑक्सफॉर्ड शूज एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन है, जो एक क्लासिक और एलीगेंट लुक देता है। टाई का चुनाव भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। जब आप फॉर्मल लुक के साथ टाई पहनते हैं, तो यह आपके पूरे लुक को और अधिक पॉलिश और आकर्षक बना देता है।

